
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-67 | पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

09 मार्च 2025 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



मुंबई की कप्तान... @ पेज 7

# ‘बेटियों को बोझ नहीं, आशीर्वाद मानना चाहिए’



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बयान दिया है। उन्होंने कहा, माता-पिता को भगवान का धन्यवाद करना चाहिए कि उनके घर एक बेटी का

- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किरण बेदी ने कहा**

जन्म हुआ है। जब तक माता-पिता अपनी बेटी को भगवान की देन नहीं मानेंगे तब तक बेटियां कमजोर बनेंगी। उन्हें बोझ नहीं आशीर्वाद मानना चाहिए। जब माता-पिता बेटियों को आशीर्वाद समझने लगेंगे तो उसकी परवरिश भी ठीक होगी। जब



परवरिश ठीक होगी तो आधार बन जाएगा, जब आधार बनेगा तो उसका चरित्र निर्माण होगा। वह बहादुर बनने लगेगी और अपने माता-पिता की भी सेवा करगी।

पीएम मोदी ने गुजरात के नवसारी में कहा, आज हम सभी के लिए महिलाओं से प्रेरणा लेने, उनसे सीखने का दिन है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद करता हूं। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और यह लगातार बढ़ रहा है और इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, महाकुंभ में मुझे माता गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में मुझे आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस पर मेरी मातृभूमि गुजरात में और इस विशेष दिन पर इतनी बड़ी संख्या में आप सभी माताओं, बहनों, बेटियों की उपस्थिति में, आपके प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। आज हम सभी के लिए महिलाओं से प्रेरणा लेने, उनसे सीखने का दिन है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद करता हूं। पीएम मोदी ने कहा, चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 2014 के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने किया कीव पर बड़ा हमला, 20 लोगों की मौत


**कीव (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन को अमेरिकी खुफिया सूचनाएं मिलनी बंद होने के बाद कीव पर बड़ा हवाई हमला किया है। रूस ने यह हमला यूक्रेन के संकटग्रस्त डोनेट्स्क क्षेत्र के एक शहर पर किया। इस रूसी हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। बता दें किक यूक्रेन के साथ अमेरिका द्वारा उपग्रह चित्र साझा करना बंद करने के फैसले के बाद से रूस ने हवाई हमलों की झड़ी लगा दी है। रूसी सेना ने शुक्रवार देर रात कई हमले किए थे। इन हमलों



में तीस लोगों के घायल होने की भी खबर है, जिसमें डोब्रोपिल्या शहर में आठ अपार्टमेंट ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गए, जो उस मोर्चे के करीब है जहां रूसी सैनिक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक रूसी ड्रोन ने यूक्रेनी दमकल ट्रक को उस वक्त क्षतिग्रस्त कर दिया, जब बचाव दल जलती हुई इमारतों को बुझाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। रूसी हमले में कीव के डोनेस्ट्क क्षेत्र में 11 लोगों की मौत हो जाने के बाद लोग दहशत में आ गए हैं। डोनेट्स्क के गवर्नर वादिम फिलाशकिन ने शनिवार को क्षेत्र में शोक दिवस घोषित किया और चेतावनी दी कि मलबे में अभी और पीड़ित मिल सकते हैं। उन्होंने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, ÷नष्ट हो चुके घर और जली हुई कारें हमारे शहर के शरीर पर एक भयानक निशान हैं, जो रूसी मिसाइलों और ड्रोन द्वारा छोड़े गए हैं, लेकिन सबसे भयावह बात पीड़ितों की संख्या है। फिलहाल, हमें पता है कि 11 लोग मारे गए हैं और 30 घायल हैं, लेकिन तलाशी अभियान जारी है और ये संख्या अभी भी बढ़ सकती है। ÷यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि घायलों में कम से कम पाँच बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा, ÷कल रात, रूसी सेना ने डोब्रोपिल्या के केंद्र पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

### यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता के लिए शर्तों पर तैयार हुआ रूस

**क्रेमलिन (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन संघर्ष मामले में शांति वार्ता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी हां कर दी है, लेकिन क्रेमलिन कई शर्तों के साथ इस बातचीत के लिए तैयार हुआ है। रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने के अनुसार स्थायी शांति बहाल करने के कई प्रयासों के बीच मॉस्को वार्ता के लिए ‘त्रिपक्षीय बैठक’ करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन, अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में संघर्ष को रोकने की दिशा में ‘सही संकेत’ प्रदर्शित कर रहा है। संघर्ष को समाप्त करने के इरादे को दर्शाने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की



घोषणा के बारे में पूछे जाने पर, राजदूत ने रूस के दृष्टिकोण से स्थिति की व्यापक रूपरेखा पेश करनी चाही। रूस-यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और संघर्ष को हल करने और स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए विभिन्न हलकों से प्रयास किए जा रहे हैं। अलीपोव ने कहा कि वह यूरोप के पुनः सैन्यीकरण के बारे में बात कर रहे हैं और हाल ही में एक बैठक भी हुई थी। उन्होंने कहा, ‘‘हमें इन शर्तों को क्यों स्वीकार करना चाहिए? रूसी राजदूत ने कहा कि साफ शब्दों में कहें तो कोई शांतिपूर्ण वार्ता किए बिना भी आगे बढ़ सकते हैं, हम यह युद्ध जीत रहे हैं, फिर भी हम शांति समझौते के लिए तैयार हैं। हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि इस समय यूरोप और यूक्रेन इसमें बाधा बन रहे हैं। निजी तौर पर मुझे नहीं लगता कि यह प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी।’ बता दें कि डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन पर शांति समझौते के साथ आगे बढ़ने का दबाव बनाए रखा है। क्योंकि क्रेमलिन कुछ शर्तों के तहत एक अस्थायी संघर्ष विराम को स्वीकार करने के लिए तैयार होगा।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, शख्स ने गंवाए 47 लाख रुपये, पुलिस ने शुरू की जांच

**ठाणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति को साइबर जालसाजों ने शेयर में पैसा लगाने के बदले अधिक रिटर्न का लालच लेकर उससे कथित तौर पर 47 लाख रुपये से अधिक की ठगी की। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अधिकारी





ने कहा कि यह ठगी पिछले साल दिसंबर से इस वर्ष फरवरी के बीच की गई, मामले की जांच की जा रही है। अधिकारी के अनुसार आरोपी ‘व्हाट्सऐप’ पर एक ग्रुप में जुड़े थे और ‘शेयर ट्रेडिंग’ ऐप के जरिए काम करते थे। उन्होंने उक्त व्यक्ति से संपर्क किया और उसे आकर्षक रिटर्न का लालच देते हुए ‘शेयर’ में पैसा लगाने का लालच दिया। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित ने पिछले तीन महीनों के भीतर विभिन्न बैंक खातों में 47,01,652 रुपये का भुगतान किया। भुगतान करने के बाद जब उसे कोई धन नहीं मिला तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने पुलिस से संपर्क किया। बता दें कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी ऐसी ही घटना देखने को मिली थी। दरअसल उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शेयर बाजार कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरोह के सगरना समेत दो लोगों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था। एसटीएफ (नोएडा इकाई) के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि एक सूचना के आधार पर टीम ने गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर-पांच में मोहन मिकिंन्स सोसाइटी के एक फ्लैट में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बागपत जिले के निवासी विनोद कुमार धामा और रविंद्र उर्फ नवाब के रूप में हुई।

**हाथ में नोटपैड और पैंसिल लेकर की चर्चा, मुख्य बिन्दुओं को किया नोट**

## पीएम मोदी ने लखपति दीदियों के साथ बोर्डरूम शैली में की बातचीत

**नवसारी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नवसारी में लखपति दीदियों से मुलाकात की और उनस बातचीत की। नोटपैड और पेंसिल हाथ में लिए प्रधानमंत्री चर्चा के मुख्य बिंदुओं को नोट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। अधिकांश महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, उनकी नीतियों और उनके द्वारा दी गई प्रेरणा के कारण ही वे लखपति दीदियां बनने में सफल हुई हैं।

लखपति दीदियों के सकारात्मक अनुभव और प्रगति को सुनकर प्रधानमंत्री ने कहा कि 3 करोड़ लखपति दीदियों का लक्ष्य जल्द ही पार हो सकता है और आने वाले समय में 5 करोड़ तक भी पहुंचा जा सकता है। महिलाओं ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कुछ वर्षों में वे लखपति दीदी कार्यक्रम की जगह करोड़पति दीदी कार्यक्रम में भाग ले सकती हैं।

एक ड्रोन पायलट ने कहा कि वह विमान तो नहीं उड़ा सकती, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की वजह से उसे ड्रोन पायलट बनने



का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि उनके घर और गांव में उन्हें भाभी के बजाय पायलट के नाम से पुकारा जाता है।

व्यापार विस्तार योजना पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों को सुझाव दिया कि वे अपने कारोबार को ऑनलाइन लाएं ताकि बाजार तक उनकी पहुंच बढ़े। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी तरह की महिलाएं विकसित भारत की राह पर आगे बढ़ेंगी। बाजरा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री की पहल की सराहना करते हुए एक महिला ने कहा कि गुजरात का उनका खाखरा लोकप्रिय हो गया है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयासों के कारण खाखरा अब गुजरात तक सीमित नहीं रहा बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया है। एक महिला ने कहा कि बातचीत के लिए आमंत्रण मिलना उनके लिए बहुत गर्व का क्षण था। कुछ पड़ोसियों ने तो मजाकिया अंदाज में अनुरोध भी किया कि वे बैठक के दौरान उनके बारे में शिकायत न करें।

## ठाणे पुलिस ने 2 बांग्लादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार

**ठाणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में पकड़ा है और उन्हें फ्लैट किराए पर देने वाले दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह



जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को अंबरनाथ के अडावली-ढोकली इलाके में एक आवासीय परिसर में छापे के दौरान महिलाओं को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि महिलाएं, फरजाना शिरागुल शेख (36) और बिथी उर्फ ??प्रिया नूरिस्लाम अख्तर (24) अपनी यात्रा और भारत में रहने से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं को फ्लैट किराए पर देने के लिए ताहिर मुनीर अहमद खान (35) और गणेश चंद्र दास (37) को भी गिरफ्तार किया है,साथ ही पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ही एक अदालत ने 36 वर्षीय बांग्लादेशी महिला को भारत में अवैध रूप से रहने के लिए दोषी करार दिया है और उसे 14 माह 28 दिन के कारावास की सजा सुनाई है।

## दिल्ली में महिला समृद्धि योजना को मिली मंजूरी, सरकार ने किया लागू

**योजना के क्रियान्वयन के लिए 5,100 करोड़ रुपये के आवंटन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई वाली बीजेपी सरकार ने महिला समृद्धि योजना को लागू कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली मंत्रिमंडल ने महिला समृद्धि योजना के क्रियान्वयन के लिए 5,100 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समर्थन के बिना दिल्ली में बीजेपी की जीत संभव नहीं थी। जेपी नड्डा ने दिल्ली की महिलाओं को बधाई दी और कहा कि यह योजना तुरंत शुरू की जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना के शुरू होने से अब दिल्ली में महिला सशक्तीकरण का काम शुरू हो गया है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सफलता में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा, ‘‘महिलाओं के समर्थन के बिना राष्ट्रीय राजधानी में जीत संभव नहीं होती।’’ पिछले महीने दिल्ली विधानसभा चुनाव से



पहले भाजपा ने महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने का वादा किया था, जो आम आदमी पार्टी (आप) की 2,100 रुपये की पेशकश से अधिक था। भाजपा की रणनीति सफल रही और उसने 70 में से 48 सीट जीतीं तथा 26 साल से अधिक के अंतराल के बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की।

## खोदा पहाड़ निकली चुहिया..

**दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की मंजूरी पर बोलीं आतिशी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की मंजूरी पर पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी का बड़ा बयान सामने आया है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि दिल्ली चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को वादा किया था कि 8 मार्च को उनके खाते में 2500 रुपए आएंगे। ये भी कहा था कि ये मोदी जी की गारंटी है। आज दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं।

आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने ये साबित कर दिया कि ये मोदी जी की गारंटी नहीं एक जुमला था। आज दिल्ली की महिलाओं को न तो 2500 रुपए मिले, ना ही रजिस्ट्रेशन मिला। मिला क्या एक 4 सदस्यी कमेटी। यानी खोदा पहाड़ निकली चुहिया। आज दिल्ली सरकार ने पीएम मोदी को झूठा साबित कर दिया है। यह एक शुरुआत है। उनके सभी वादों का यही हाल होगा।

वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह





÷दिखावा प्रबंधन÷ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल घोषणा की है और तारीखों की घोषणा नहीं की है, जबकि उनके पिछले दावों में कहा गया था कि महिलाओं को 8 मार्च तक वित्तीय सहायता मिलेगी। आज कोई तारीख नहीं बताई गई। उन्होंने महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजना पर ÷नियम और शर्तें÷ लागू करने के लिए भी दिल्ली में भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि चुनावों के दौरान यह नहीं बताया गया था। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह ÷दिखावा प्रबंधन÷ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल घोषणा की है और तारीखों की घोषणा नहीं की है, जबकि उनके पिछले दावों में कहा गया था कि महिलाओं को 8 मार्च तक वित्तीय सहायता मिलेगी। आज कोई तारीख नहीं बताई गई।

## ‘कांग्रेस के बड़े नेता कार्यकर्ताओं का ख्याल नहीं रखते’

**अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल का छलका दर्द**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** राहुल गांधी गुजरात में पार्टी की जड़ें मजबूत करने के मिशन के तहत दो दिनों के गुजरात दौरे पर हैं। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले वे कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं। इस बीच कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल का दर्द छलक पड़ा है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर सवाल खड़े किए।

मुमताज पटेल ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी कार्यकर्ताओं और छोटे नेताओं का ख्याल नहीं रखते हैं। आप मुझे ही देख लीजिए, आगे बढ़ने ही नहीं दिया रहा। दो दिनों से राहुल गांधी गुजरात में हैं, लेकिन मुझे बुलाया तक नहीं गया। पार्टी में मेरे पास कोई पद नहीं है।

मुमताज पटेल ने कहा कि गुजरात में इतने सालों से बीजेपी की सरकार है, वहां के हालात ऐसे बन गए हैं कि बिना बीजेपी के



साथ कांग्रेस के नेता भी आगे नहीं बढ़ पाते। कांग्रेस के बड़े नेता अगर छोटे नेताओं का ध्यान नही रखेंगे तो वे क्या करेंगे? कांग्रेस में कोई डायरेक्शन देने वाला नहीं है।

मुमताज पटेल ने दावा किया कि राहुल गांधी को ग्राउंड रियलिटी से दूर रखा जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस में ऐसे लोग हैं जो पार्टी को आगे नहीं बढ़ने दे रहे। ऐसे लोगों की तादाद 30-40 नहीं 400 भी हो तोसबको ढूंढ कर सामने लाया जाए। ऐसे लोग लोग पार्टी की नैया डुबो रहे हैं।

मुमताज पटेल ने कहा-मेरे पिता अहमद पटेल पर पार्टी के ही कुछ लोग आरोप लगाते थे कि इनकी गुजरात में बीजेपी से सैटिंग है, लेकिन आज मैं कहना चाहूंगी कि बहुत कम सीटों के अंतर से कांग्रेस की सरकार बनते-बनते रह गई थी। उनके जाने के बाद पार्टी का हाल देख लीजिए। अहमद पटेल जब जिंदा थे तब लोकसभा की सीटे भी कांग्रेस की गुजरात से आई थी लेकिन उनके जाने के बाद हाल देख लीजिए।

## महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना को लेकर डिप्टी सीएम शिंदे का ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंन्दे ने लाडकी बहिन योजना को लेकर बड़ी खुशखबरी दी है। शिंदे ने कहा कि 10 मार्च को राज्य का बजट पेश किया जाएगा और इस बजट में लाडकी बहिन योजना के लिए मौजूदा राशि 1500 से बढ़ाकर 2100 रुपये प्रतिमाह किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि हमने चुनाव में राज्य की लाडकी बहिन से 2100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था और हम उस वादे को जरूर निभाएंगे। इसके साथ ही महाविकास आघाड़ी के नेताओ पर तंज करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि लाडली बहनों ने चुनाव



में हमें भर-भरकर वोट दिया है और सौतेले भाइयों को घर मैं बैठा दिया है। लाडकी बहन योजना को लेकर एकनाथ शिंदे ने आगे कहा कि मैं मुख्यमंत्री था तो मेरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना की शुरुआत की गई। तत्कालीन दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित दादा पवार के साथ मिलकर हमने ये बड़ा फैसला लिया था और इससे खुश होकर लाडली बहनों ने भी विधानसभा के चुनाव में महायुति सरकार को भर-भर कर वोट किया। इसीलिए अब हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। हमें सभी लाडली बहनों को आत्म सम्मान देना है और आत्मनिर्भर बनाना है और यह हमारी जिम्मेदारी है। शिंदे ने कहा कि हम लोगों ने कभी नहीं कहा कि किसी तरह की प्रिंटिंग मिस्टेक है, 1500 के हमने दो इंस्टॉलमेंट अभी दिए हैं और अब ?2100 की बात है जैसा कि हमारे महायुति के घोषणापत्र में कहा गया था। अब हमारी सरकार योजना पर काम कर रही है और घोषणा पत्र 5 साल का होता है हमने जो कहा है उसमें बिल्कुल परिवर्तन नहीं करेंगे।

## 16वें वित्त आयोग ने एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का किया अवलोकन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इंदौर स्वच्छता में लगातार सात वर्षों से पूरे देश में अव्वल है। स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने देश में ??विशेष मुकाम हासिल किया है। इंदौर में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने इंदौर के स्वच्छता में लगातार अव्वल रहने का विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। इंदौर में आज उन्होंने देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बने परी पार्क में बैठकर इंदौर के स्वच्छता की सफल कहानी देखी। उन्होंने इस दौरान सूखे कचरे के निपटान हेतु बनाए गए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर, 15 लाख मैट्रिक टन क्षमता के पुराने कचरे का बॉयो रिमेडिऐशन पद्धति से निपटान व्यवस्था, 100 एकड़ भूमि पर फलदार एवं ऑक्सीजन देने वाले पौधों से बनाए गए सिटी फॉरेस्ट और निर्माण एवं विनष्ट अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लांट का जायजा लिया। 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने इंदौर में हो रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों की सराहना की। सदस्यों को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता के सोपानों की जानकारी दी। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट के बारे में बताया। यह प्लांट सीएनजी निर्मित करने वाला एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है। इसकी क्षमता 550 टीपीडी गोबरधन है, इसे बढ़ाकर 800 टीपीडी करने का लक्ष्य है। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि इंदौर में हर तरह के कचरे के उपयोग की योजना भी तैयार की जा रही है। यहाँ फ्यूल-ब्रिकेट्स तथा लिक्विड फर्टिलाइजर बनाने की योजना भी तैयार कर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इंदौर में स्वच्छता के साथ ही पर्यावरण सुधार पर भी विशेष ध्यान है। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की विशेष उपस्थिति में 16वें वित्त आयोग के सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव श्री ऋत्विक पांडे ने यह भ्रमण किया। इस मौके पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा आदि मौजूद थे।

## वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिये अनुज्ञा-पत्र की अनिवार्यता होगी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च न्यायालय जबलपुर मध्यप्रदेश के निर्णय दिनांक एक मार्च, 2025 के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम-2000 के अधीन समस्त प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिये अनुज्ञा-पत्र की अनिवार्यता होगी। उल्लेखनीय है कि वन विभाग के राजपत्र दिनांक 24-9-2015 एवं 11-4-2017 द्वारा 62 वृक्ष प्रजातियों को अभिवहन पास से मुक्त किया गया था, जिसके विरुद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर में विवेक कुमार शर्मा एवं आनंद तथा अन्य द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक-13864/2019 एवं 26802/2018 लगाई गयी थी, जिस पर उच्च न्यायालय जबलपुर ने निर्णय लेते हुए राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 24-9-2015 एवं 11-4-2017 द्वारा 62 वृक्ष प्रजातियों को अभिवहन पास से मुक्त किया गया था, जिसे निरस्त कर दिया गया।

## उच्च दाब लाइनों के संधारण में कार्य करने वाले कार्मिकों का भत्ता हुआ दोगुना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कम्पनी में अति उच्च दाब उप केन्द्रों एवं लाइनों का हॉट लाइन पद्धति से बिना शटडाउन लिये संधारण कार्य करने वाले कार्मिकों का विशेष भत्ता दोगुना कर दिया गया है। पहले जहाँ प्रति कार्य 3 रुपये से 60 रुपये मिलता था, अब 6 रुपये से 80 रुपये तक प्रति कार्य मिलेगा। उल्लेखनीय है कि हॉट लाइन पद्धति के माध्यम से बिना शटडाउन लाइनों का संधारण कार्य करने के लिये कार्मिक की सहमति आवश्यक है। साथ ही कम्पनी द्वारा उसे बैंगलुरु के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से प्रशिक्षण दिलवाने के बाद ही वह कार्य के लिये पात्र होता है। कार्य अत्यंत जोखिम भरा होने के कारण कार्मिक को यह भत्ता दिया जाता है।

## ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर जलाएं होली-ऊर्जा मंत्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आम नागरिकों तथा ग्रामीणजनों से आग्रह किया है कि वे होली जलाने को लेकर सावधानी बरतें। ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर होली जलाएं, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो। साथ ही सरकारी संपत्ति को किसी तरह की कोई क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्युत लाईनों, उपकरणों एवं खंभो से छेड़खानी करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जरा सी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए आम लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। ऐसी लाईनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है, यदि आँधी तूफान या अन्य कारणों से अकस्मात टूट जाएं तो उनके समीप जाकर, उन्हें छूकर खतरा मोल न लें। लाईन टूटने की सूचना निकटस्थ कंपनी अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को शीघ्र दें, संभव हो तो किसी व्यक्ति को उस जगह, अन्य राहगीरों को चेतावनी देने के लिए रखें अथवा 1912 पर संपर्क कर सूचना जरूर देवें।

# 16वें केंद्रीय वित्त आयोग ने उद्योग एवं व्यापार निकायों के प्रतिनिधियों संग चर्चा की

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 16वें केंद्रीय वित्त आयोग ने निर्यात भवन, पीथमपुर में उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास और आर्थिक सहयोग से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आयोग सदस्य सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, आयोग के सचिव श्री ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव श्री के.के. मिश्रा, कमिश्नर दीपक सिंह और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा भी मौजूद थे। एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक चंद्रमौली शुक्ला ने उद्योग विभाग की इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें निजी क्षेत्र के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बैठक से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में नए अवसरों को बल मिलेगा और उद्योग जगत की मांगों को केंद्र सरकार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। वित्त आयोग की सदस्य सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा कि उद्योग जगत के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों पर विचार किया जाएगा। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष विभिन्न उद्योग




और व्यापार से संबंधित कई सुझाव दिये इनमें एयर कार्गो हब और एयरोप्लेन मेंटेनेंस हब की स्थापना, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु स्किल डेवलपमेंट सेंटर, डेटा सेंटर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की आवश्यकता से अवगत कराया। संगठन के सदस्यों ने एमपी को ट्राइबल और फॉरेस्ट एरिया होने के कारण केंद्र सरकार से अधिक समर्थन की मांग करते हुए एग्रीकल्चर और हेल्थकेयर सेक्टर को बढ़ावा देने की जरूरत भी बताई। प्रतिनिधियों ने ऑटो इंडस्ट्री में नए निवेश और आधुनिकीकरण की आवश्यकता बताते हुए आरएंडडी क्षेत्र में बढ़ती लागत के लिए समर्थन भी मांगा। प्रतिनिधियों ने प्लास्टिक रिसाइक्लिंग और बॉयोडिग्रेडेबल प्लास्टिक निर्माण के लिए नए स्किल सेंटर एवं फंडिंग, औद्योगिक विकास को गति देने हेतु रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार, रियल एस्टेट उद्योग को समर्थन, टेक्सटाइल इंडस्ट्री की जरूरतों पर विशेष ध्यान, ड्यूटी फ्री लोकल मार्केट की मांग, पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बेहतर अधोसंरचना के लिये सुझाव देते हुए कहा छोटे उद्योगों के विकास के लिए अधिक योजनाओं की जरूरत जताई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में धार जिले की भौगोलिक और सामाजिक विशेषताओं की जानकारी दी और बताया कि किस तरह सरकार औद्योगिक विकास के लिए काम कर रही है। बैठक में गौतम कोठारी अध्यक्ष, पीथमपुर औद्योगिक संगठन, श्रेयस्कर चौधरी अध्यक्ष, एमपी टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन, आदित्य श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष, व्हीईसीव्ही निदेशक, इंफोबीन्स लिमिटेड (आईटी), सुमित सूरी अध्यक्ष, इंदौर होटल एसोसिएशन, योगेश मेहता अध्यक्ष, एआईएमपी (एमएसएमई), सचिन उद्योग), अक्षत चोरड़िया अध्यक्ष, सीआईआई मालवा, केमिषा सोनी पदाधिकारी, आईसीएआई मौजूद रही।

## नकली बीज और नरवाई जलाने पर हो सख्त कार्रवाई - कृषि मंत्री कंषाना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि नकली बीज विक्रय और किसानों द्वारा गेहूं एवं चने की फसल की नरवाई खेतों में जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाये। मंत्री श्री कंषाना ने अधिकारियों को यह निर्देश मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। कृषि मंत्री श्री कंषाना में कहा कि खरीफ 2025-26 के लिए सोयाबीन, कपास और मक्का के बीज की कार्य योजना तैयार कर ली जाए। केंद्रीय योजनाओं के प्रदान किए गए लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में गेहूं के लिए स्थापित किए गए उपार्जन केंद्रों पर किसानों की बैठने एवं पानी की उचित व्यवस्था की जाए।

मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं का बेहतर संचालन किया जाए और किसानों के खेतों की मिट्टी का अधिकाधिक परीक्षण



सुनिश्चित करें। फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को जागरूक भी किया जाए। बैठक में इंदौर संभाग के संयुक्त संचालक कृषि और जिलों के उप संचालक कृषि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बाबा महाकाल की वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया ने की सपत्नीक पूजा-अर्चना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने सपत्नीक बाबा महाकाल का पंचामृत से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ वित्त आयोग के सचिव श्री कुमार विवेक ने भी बाबा महाकाल की पूजा कर अभिषेक किया।

श्री महाकालेश्वर प्रबन्धन समिति की ओर से संभाग आयुक्त श्री



संजय गुप्ता और कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके बाद डॉ. पनगढ़िया ने सपत्नीक शक्ति पीठ माता हर सिद्धि मन्दिर मे माता रानी माँ हर सिद्धि की पूजा की और महाकाल लोक का अवलोकन किया।

## योजना से शहरी क्षेत्र के पर्यावरण को रखा जा सकेगा प्रदूषण मुक्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुँचाया जायेगा। योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जायेगी। प्रदेश में नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि योजना के जरिये राज्य



सरकार संकल्प-पत्र 2023 के अनुसार ऑटो एवं टैक्सी चालक कल्याण के संकल्प को पूरा करेगी।

योजना के अंतर्गत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुन- सुसज्जित (रेट्रो फिटिंग) कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुँचाया जायेगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जायेगा।

इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना में लिये गये ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। हितग्राही को कोलेटरल सिक्योरिटी मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना के अंतर्गत शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में लाभ प्रदान कर शासन के नारी सशक्तिकरण मिशन को बल प्रदान किया जायेगा। हितग्राही चयन के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शर्तें निर्धारित की हैं। इसके अंतर्गत हितग्राही का नगरीय क्षेत्र में निवास करना आवश्यक रखा गया है। योजना का लाभ 18 से 55 वर्ष तक के हितग्राही को मिलेगा, जो पूर्व से ऑटो रिक्शा संचालित कर रहा हो। चयनित हितग्राही के पास मोटर व्हीकल लायसेंस होना आवश्यक है। योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकायों द्वारा जिला शहरी विकास अभिकरण के माध्यम से किया जायेगा। हितग्राही को आवेदन-पत्र निःशुल्क प्राप्त होंगे।

## एम.पी. ट्रांसको के मेंटेनेन्स कार्मिक लाइनमेन दिवस पर दिल्ली में हुये सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी .ट्रांसको) के 4 मेंटेनेंस कार्मिको को भारत पर्यावास केन्द्र दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करने पर सम्मानित किया गया। एम.पी. ट्रांसको की ओर से भोपाल के सहायक अभियंता श्री अंकित मेहरोलिया के अलावा जबलपुर से मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, इटारसी से दीपक कोरी एवं महिदपुर से मानसिंह शामिल हुये। उन्होंने एम.पी. ट्रांसको में ट्रांसमिशन लाइन एवं एक्सट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशनों में किये जा रहे मेंटेनेन्स की कार्य शैली और अपने विभिन्न अनुभवों को साझा किया। श्री अंकित मेहरोलिया ने मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग, वेयर हेंड टेक्निक से किये जा रहे मेंटेनेन्स कार्य आदि के विषय में विस्तार से बताया।

## रैम्प योजना के तहत प्रदेश की महिला उद्यमियों ने हैदराबाद के इंडस्ट्रियल पार्क में सीखे उद्योग के नए गुर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की रैंप योजना और मध्य प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग के सहयोग से राज्य की 45 महिला उद्यमियों ने हैदराबाद के फिक्की इंडस्ट्रियल पार्क का एक्सपोजर यात्रा की। इस यात्रा का उद्देश्य महिला उद्यमियों को उद्योग के व्यावहारिक अनुभव, नेटवर्किंग के अवसर और व्यवसाय प्रबंधन में नई जानकारियां प्रदान करना था। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम स्टेट नोडल एजेंसी रैम्प ने इस टूर के लिए उन महिला उद्यमियों का चयन किया, जिनके व्यवसाय में विकास की संभावनाएं थीं। चयन प्रक्रिया पूर्व निर्धारित मानदंडों के आधार पर की गई जिससे यह सुनिश्चित



हो सके कि अधिकतम लाभ उन्हीं उद्यमियों को मिले जो अपने व्यवसाय को अगले स्तर पर ले जाने में सक्षम हैं। महिला उद्यमियों ने हैदराबाद में पोलमोन, साल्ज़गिटर लिफ्ट्स, पैनलक्स और डब्ल्यू ई हब जैसे प्रतिष्ठानों का दौरा किया। वहां उन्होंने अत्याधुनिक विनिर्माण तकनीकों और बाजार के नए रुझानों के बारे में सीखा। उन्होंने सफल महिला उद्यमियों से बातचीत भी की और उनकी प्रेरणादायक कहानियों को सुना और संभावित साझेदारी के अवसरों का पता लगाया। फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क पूरी तरह से महिलाओं के स्वामित्व और संचालन में है। यहां 27 विनिर्माण इकाइयां संचालित हो रही हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं। लगभग 250 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित इस पार्क में 55 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं। महिला उद्यमियों को आधुनिक विनिर्माण प्रक्रियाओं और नवाचार को बढ़ावा देने वाले बुनियादी ढांचे को नज़दीक से देखने का अवसर मिला। यह यात्रा रैंप योजना के तहत महिला उद्यमियों को नए ज्ञान, नेटवर्किंग अवसर और प्रेरणा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह की रणनीतिक पहलों से महिला उद्यमी प्रतिस्पर्धी बाजार में मजबूती से खड़े होने और एमएसएमई क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए तैयार हो सकेंगी।

## माधव नेशनल पार्क बना मध्यप्रदेश का 9वाँ टाइगर रिजर्व

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** माधव नेशनल पार्क शिवपुरी को मध्यप्रदेश का 9वाँ टाइगर रिजर्व घोषित किये जाने के आदेश राज्य शासन द्वारा 7 मार्च, 2025 को जारी कर दिये गये हैं। माधव नेशनल पार्क की स्थापना वर्ष 1956 में हुई थी। यह प्रदेश के पहले अधिसूचित होने वाले नेशनल पार्क में से एक है। माधव टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 1650 वर्ग किलोमीटर है। इसमें कोर एरिया का क्षेत्रफल 374 वर्ग किलोमीटर है और बफर एरिया का क्षेत्रफल 1276 वर्ग किलोमीटर है। माधव टाइगर रिजर्व घोषित होने से प्रदेश के वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। माधव राष्ट्रीय उद्यान में वर्ष 2023 को बाघ पुनर्स्थापना के लिये 3 बाघ, जिसमें 2 मादा एक नर अन्य



टाइगर रिजर्व से लाये गये थे। नर बाघ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से एवं मादा बाघ पन्ना टाइगर रिजर्व और बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लाये गये थे। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लायी गयी मादा ने 2 शावकों को जन्म दिया है, जिनकी उम्र लगभग 8 से 9 माह है। एनटीसीए भारत सरकार द्वारा 2 अतिरिक्त बाघ एक नर एक मादा लाने की स्वीकृति दी गयी है, जो 10 मार्च, 2025 को माधव टाइगर रिजर्व में छोड़े जायेंगे। इस प्रकार माधव टाइगर रिजर्व में कुल बाघों की संख्या में 5 बाघ, जिसमें 2 नर और 3 मादा शामिल हैं और 2 शावक, इस प्रकार कुल बाघों की संख्या 7 हो जायेगी। माधव टाइगर रिजर्व बनने से सम्पूर्ण क्षेत्र में वन्य-जीव एवं बाघों का संरक्षण बेहतर हो सकेगा।

शिवपुरी स्थित माधव टाइगर रिजर्व ग्वालियर के बिलकुल करीब होने से पर्यटन के लिहाज से आदर्श लोकेशन है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघ के अलावा तेंदुए, भेडिया, सियार, लोमड़ी, जगंली कुत्ता, जंगली सुअर, साही, अजगर, चिन्कारा और चौसिंगा आदि जानवर पाये जाते हैं। यहाँ कई प्रकार के पक्षी भी पाये जाते हैं, जिनमें मुख्य रूप से पीले पैर वाला बटेर, बाज आदि शामिल हैं। माधव टाइगर रिजर्व में कई प्राचीन मंदिर और स्मारक हैं। यहाँ की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटन के क्षेत्र में वन्य-जीव सफारी और पिकनिक स्पॉट शामिल हैं। माधव टाइगर रिजर्व एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है, जो वन्य-प्रेमियों, प्रकृति-प्रेमियों और सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि रखने वाले लोगों के लिये एक आदर्श स्थल है।

# मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों के खाते में राशि अंतरित की

## महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता : सांसद

### महिलाएं सशक्त होंगी तो देश सशक्त होगा : विधायक





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के द्वारा राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में सीधी जिले के 02 लाख 10 हजार 924 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 25 करोड़ 88 लाख 51 हजार 400 रूपये की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, विधायक सीधी रीती पाठक की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में स्थानीय मानस भवन में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने उपस्थित मातृ शक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेटियों का सम्मान बढ़ा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से देश में लिंगानुपात में सतत रूप से सुधार हो रहा है। स्व सहायता समूह में जुड़कर महिलाएं आर्थिक दृष्टि से सशक्त हो रही हैं। मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सहज बनाया है। स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संसद एवं विधानसभा की सीटों में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से बहनों का सम्मान बढ़ा है वह आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। सरकार के प्रयासों से मिले समान अवसरों से आज महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

विधायक रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा अनेकोनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। प्रत्येक महीने राशि मिलने से महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत हुआ है। अब वह सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रही है। इस राशि की मदद से अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ कुछ बहनों ने अपना व्यवसाय भी शुरू किया है यह सचमुच में अद्भुत है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। महिलाएं सशक्त होंगी तभी देश सशक्त होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। महिलाएं प्रत्येक महीने मिलने वाली राशि का सदुपयोग कर रही हैं तथा परिवार को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तहसीलदार गोपद बनास जान्हवी शुक्ला, मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मंजुला तिग्गा, केश वर्कर वन स्टाप सेंटर मंजुला तिवारी, अरूणिया पाठक एवं पुष्पलता शर्मा को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं परीक्षा 2024 जिला में द्वितीय स्थान पर प्राची पटेल, कक्षा 12वीं में तृतीय स्थान के लिए सहारा तिवारी एवं मान्या सोनी को सम्मानित किया गया। साथ ही बुशू मार्सल आर्ट के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बैष्णवी त्रिपाठी, अनीशा यादव, काजल बनर्जी, काजू सोंधिया एवं प्रियंका केवट को सम्मानित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 10 हजार 924 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 524 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 382, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 390, जनपद पंचायत सीधी में 54 हजार 876 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 51 हजार 821 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 06 हजार 220, नगर परिषद चुरहट में 02 हजार 447, नगर परिषद मझौली में 02 हजार 106 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 02 हजार 158 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य समिति की सभापति पूजा सिंह कुशराम, पार्षद पूनम सोनी, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, पुनीत नारायण शुक्ल, भानू पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन राजकरण शुक्ल तथा आभार प्रदर्शन सहायक संचालक अवधेश सिंह द्वारा किया गया।

# सर्राफा व्यापारी और उनके साथी पर फायरिंग

## दोनों के पैरों में लगी गोली, नकाबपोश बदमाशों ने किया हमला



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में शुक्रवार रात एक सर्राफा व्यापारी और उनके साथी पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने गोलियां चलाईं। घटना केशवाही चौकी क्षेत्र के जमुडी तिराहे के पास रात 9 बजे की है। सर्राफा व्यापारी प्रिंस सोनी और उनके साथी बरगाही केशवाही हाट बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ नकाबपोश बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों के पैरों में गोलियां मारीं। घायल अवस्था में दोनों को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है।

**गिरवा बाजार से पीछा करते हुए चलती बाइक में की फायरिंग:** सर्राफा कारोबारी प्रिंस सोनी शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार गिरवा में अपनी दुकान लगाने के बाद घर लौट रहे थे। तभी मलया और जमड़ी तिराहे के पास दो अज्ञात नकाबपोश बाइक सवार हमावरों ने गोली चलाई। घायलों ने पुलिस को बताया कि यह बाइक गिरवा से ही उनका लगातार पीछा कर रही थी। रास्ते पर उन्होंने आवाज देकर बाइक रुकवाने का प्रयास किया जब हमने बाइक नहीं रोकी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

**पैर में गोली लगने के बाद भी बाइक चलाते रहे कारोबारी:** जब प्रिंस सोनी ने गाड़ी नहीं रोका तो नकाबपोश बदमाशों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। प्रिंस और राजेश दोनों के पैर में एक-एक गोली लगी लेकिन गोली लगने के बाद भी प्रिंस के ने हिम्मत दिखाते हुए गाड़ी नहीं रोका और गाड़ी की स्पीड करते हुए आगे चलने लगे। इस दौरान बदमाशों ने कॉलेज तिराहा केशवाही तक पीछा किया।

**कस्बा देखकर लड़खड़ाकर बाइक से गिरा कारोबारी:** जब प्रिंस केशवाही मस्जिद के पास पहुंचे तब उनकी हिम्मत घट गई और वह वहीं पर लड़खड़ाते हुए गिर गए तब लोगों को पता चला कि उनके ऊपर फायर हो गया है। गोली चल गई है।

# कक्षा 12 वी जीव विज्ञान विषय की परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न

## जिले में संचालित है शांति पूर्ण परीक्षा, नकल प्रकरण निरंक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी की जीव विज्ञान विषय की परीक्षा दिनांक 08.03.2025 को जिले के 64 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें से 4605 दर्ज छात्रों में से 4568 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 37 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये।

**कलेक्टर के आदेशानुसार जारी है परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण:** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा गठित पैनल द्वारा परीक्षा की सुचिता बनाये रखने के लिए निरंतर भ्रमण जारी है। प्रिया पाठक एसडीएम कुसमी के पैनल पी के पांडे द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. भुइमाड का निरीक्षण किया गया, जिला शिक्षा अधिकारी डा पी एल मिश्र द्वारा कमर्जी, लकोडा, धुम्मा, माडल सर्रा, बालक चुरहट का निरीक्षण किया गया। प्रवीण शुक्ल ए.डी.पी.सी. रमसा द्वारा परीक्षा केन्द्र कंधवार, ममदर का निरीक्षण किया गया। डॉ सुजीत कुमार मिश्र एपीसी रमसा द्वारा पोडी बस्तुआ, लुरघुटी, ताला, डांगा का निरीक्षण किया गया। नागेन्द्र सिंह जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा खडडी, चकडौर का निरीक्षण किया गया। दीप्ती वनवासी सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा परीक्षा केन्द्र खाम्ह, चौफाल का निरीक्षण किया गया।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा उपनी, कुचवाही का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मझौली द्वारा टिकरी, मडवास, डांगा का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिहावल द्वारा तरका, बहरी, खुटेली का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन द्वारा बागढ, अमिलई, भरतपुर का निरीक्षण किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 29 खंडपीठों पर हो रहा मामलों का निपटार

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सिविल और क्रिमिनल केस के साथ विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक और दूरसंचार विभाग के मामलों का निपटारा किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह की मंजूरी के बाद जिला न्यायालय छतरपुर और विभिन्न तहसील न्यायालयों में कुल 29 खंडपीठ स्थापित की गईं। जिला न्यायालय में 13 और तहसील स्तर पर 16 खंडपीठ कार्यरत हैं। इन खंडपीठों पर आपसी सहमति से मामलों का समाधान किया जा रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा के आर अशोक तिवारी ने बताया कि महराजपुर, छतरपुर, स्टेडियम और हमा शाखाओं में कुल 435 बकाया खाते हैं।

# पोते की जलती चिता में कूदकर दादा ने दी जान

## युवक ने एक दिन पहले पत्नी की हत्या कर सुसाइड किया था, सदमे में था बुजुर्ग

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी में एक बुजुर्ग ने पोते की जलती चिता में कूदकर जान दे दी। उसके पोते ने शुक्रवार को पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या के बाद सुसाइड कर लिया था। इस घटना से बुजुर्ग सदमे में था। घटना बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव की है।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को अभय राज यादव (34) ने अपनी पत्नी सविता यादव (30) की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। अभय राज ने पत्नी के गले पर कुल्हाड़ी से 5 वार किए थे। इसके बाद खुद फांसी से लटककर आत्महत्या कर ली थी। दोनों का अंतिम संस्कार शुक्रवार रात करीब 9 बजे किया जा रहा था। अभय राज के दादा



रामावतार यादव (65) पोते और बहू की जलती चिता में कूद गया।

**ग्रामीण ने देखा चिता के बगल में अधजला शव:** शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक ग्रामीण को खेत के पास जलती चिता के बगल में एक अधजला शव मिला। जिसकी जानकारी ग्रामीण ने परिजन को दी। शव की पहचान रामावतार के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गांववालों के अनुसार, रामावतार अपने पोते और बहू की मौत से सदमे में था। अभय राज और सविता के दो बच्चे हैं। परिवार में अब बेटा मुन्ना यादव (8 साल) और रागनी यादव (5 साल) है।

**पत्नी ने नशा करने से रोका तो की थी हत्या:** अभय राज के पड़ोसी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि अभय राज और सविता के बीच अक्सर झगड़े होते थे। 5 दिन पहले अभय राज ने सविता को बुरी तरह पीटा था। वह नशे का आदी था। गांजा और कोरेक्स के साथ शराब का नशा करता था। सविता नशे का विरोध किया करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच शुक्रवार को भी झगड़ा हुआ था। सविता ने नशा करके घर आने से मना किया तो उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वह मुंबई में रहकर दीवार पेंटिंग का काम करता था। बीच-बीच में गांव आते रहता था।

**अभय राज से गहरा लगाव था:** अभय राज के परिजन शिवेश यादव ने बताया कि मैं अक्सर नर्मदापुरम में रहता हूं। मुझे शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हत्या और सुसाइड की जानकारी लगी थी। शनिवार सुबह यहां पहुंचे तो ये दूसरी घटना का पता चला। रामावतार का अभय राज से गहरा लगाव था। दो-तीन साल पहले हमारे एक और बड़े पिता की मौत हो गई थी। उनके बच्चों की भी मौत हो गई थी। इस वजह से वह काफी परेशान रहते थे। ऐसा लगता है कि वे मानसिक संतुलन खो चुके थे। फिर उन्होंने चिता में कूदकर जान दे दी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नवांकुर संस्था ने महिलाओं की जागरूकता बैठक



**मीडिया ऑडीटर, जवा (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर आदर्श ग्राम ऊँचाडीह के विद्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था मंगल युवा कल्याण समिति अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने गाँव की महिलाओं को जागरूकता बैठक की, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच प्रकाश सिंह, सचिव रश्मि मिश्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश शुक्ला, शिक्षिका अर्चना द्विवेदी, सरोज वर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता किरण पाण्डेय, सहायिका पुष्पा देवी, स्वास्थ्य विभाग से ज्योति अवस्थी सीएचओ सहित दिनेश सिंह, भैयालाल कोल, रामसिया कोल,छोटकई, बड़की, रामरती, किरण देवी, फूलकुमारी, उर्मिला, श्यामा देवी, सियावती आदि कई ग्रामीण महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

बैठक के दौरान संस्था प्रमुख के द्वारा शासन की हितग्राही मूलक कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई जिसमे में मुख्यरूप से आवास योजना, आयुष्मान, समग्र केवाईसी, जन्म प्रमाण, आधार अपडेट, आधार में मोबाइल लिंकिंग एवं शिक्षा स्वास्थ्य से सम्बंधित आदि की जानकारी दी गई ।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 1189 प्रकरणों का निराकरण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में 08 मार्च को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द कुमार गुरू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है। प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण होने पर पक्षकारों के मध्य वैमनस्यता हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। दिनकर ने कहा कि न्यायालय में नेशनल लोक अदालत, एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए जिससे कि प्रकरणों का निराकरण जल्दी हो सके। दिनकर ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि लोक अदालत को सफल बनाने में वकीलों का अहम योगदान रहा है। समझौता एक ऐसा विकल्प है जिसमें आगे होने वाली लड़ाई समाप्त हो जाती है। सिंह ने अभिभाषकगण को अंतिम समय तक लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने हेतु बल दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित हुये समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा नेशनल लोक अदालत में अधिवक्तागण से सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन रूपेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा किया गया।

# 6 लाख का ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

## अवैध रेत खनन मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर में शनिवार को अवैध रेत परिवहन मामले में शनिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। पुलिस ने करीब 6 लाख 5 हजार की संपत्ति जब्त की है। मामला भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के गोंडारू नाला का है।पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ट्रैक्टर चालक की अपनी पहचान दीपक उपाध्याय (23) पुत्र रामबहौर उपाध्याय निवासी कोलमी के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि ट्रैक्टर के मालिक रामबहौर उपाध्याय (40) के कहने पर रेत की चोरी की गई थी। रेत को रक्सा में बेचा जाना था।

पुलिस ने करीब 3 घनमीटर रेत (कीमत 5,000 रुपए) और ट्रैक्टर-ट्रॉली (कीमत 6 लाख रुपए) को जब्त कर लिया है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत 277 जोड़े परिणय सूत्र में बधे

# सांसद तथा विधायक द्वय ने वर-वधू को दी शुभकामनाएं



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत पनवार के सिद्धि विनायक पैलेस में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद पंचायत क्षेत्र सीधी तथा नगर पालिका परिषद सीधी के 277 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें सम्मिलित 3 जोड़ो का निकाह भी सम्पन्न हुआ। पारंपरिक रीति-रिवाजों तथा गाजे-बाजे के साथ धूम-धाम से विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सीधी रीती पाठक, विधायक चुरहट अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह द्वारा वर-वधू को वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए 49 हजार रूपये राशि का चेक तथा उपहार प्रदाय किया गया।

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन अद्भुत, अद्वितीय और अकल्पनीय है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना ने गरीब परिवार के माता-पिता को बेटियों की विवाह की चिन्ता से मुक्त किया है। इस योजना के माध्यम से सरकार धूमधाम से बेटियों का विवाह सम्पन्न करा रही है। साथ ही गृहस्थी की शुरूआत के लिए 49 हजार रूपये की आर्थिक सहायता भी दे रही है। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ने गरीबों के उत्थान के लिए उनके विकास के लिए जन्म से लेकर व्यवस्थित जीवन यापन तक की व्यवस्था की है। सांसद ने कहा कि मध्यप्रदेश जन कल्याण की दिशा में पहल करने वाला अग्रणी राज्य है। प्रदेश सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का अनुकरण देश के अन्य प्रदेश भी कर रहे हैं। इस अवसर पर सांसद ने उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया।

विधायक सीधी रीती पाठक ने वधू की बुआ के रूप में आर्शिवाद प्रदान करते हुए नए जीवन में प्रवेश की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बहू को अपनी बेटी बनाकर रखें। जीवन की यह गाड़ी दो पहियों से चलती है इसलिए सुख-दुख मे एक दूसरे का साथ दें और कठिन समय में एक दूसरे का सहारा बनें। विधायक सीधी ने कहा कि यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल है। हमारी सरकार ने बेटियों के विवाह की चिन्ता की है। माता-पिता को सम्मान सहित जीने का अधिकार दिया है।

विधायक चुरहट अजय सिंह ने कहा कि यह शासन की बहुत अच्छी योजना है। गरीब परिवारों को बेटियों के विवाह में जो कठिनाई होती थी उसमें योजना के संचालन से सहूलियत हुई है।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, उपाध्यक्ष सुमन सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम, सरस्वती बहेलिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा का वर-वधू को शुभकामनाएं दी गई।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने निकाली रैली



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर (निप्र)।** आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशभर के साथ रीवा जिले के त्योंथर तहसील के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ मलपार आंगनवाड़ी केंद्र में भी कार्यक्रम मनाया गया जिसमे परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास दीपक मिश्रा , पर्यवेक्षक पूजा मिश्रा ज्योत्सना सिंह के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता शुक्ला के द्वारा मलपार ग्राम में स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, समय पर टीकाकरण लगवाने सहित अन्य विषयों की रैली निकालकर गांव की महिलाओं, किशोरियों अन्य लोगों को जागरूक किया गया वही गांव की महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे खान पान हरी सब्जियां खाने फल, स्वच्छता सहित अपने जीवन में नियमित योगा करने तमाम विषयों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता शुक्ला के द्वारा शपथ दिलाई गई इस दौरान गांव की महिलाएं, किशोरी मौजूद रही।

## विचार

### दुनिया के हीरो बनते वोलोडिमिर जेलेंस्की

भले ही अमेरिका के सामने यूक्रेन को मजबूरी में कोई समझौता करना पड़े पर इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि व्हाइट हाउस की हालिया घटना से यूक्रेन के राष्ट्पेति वोलोडिमिर जेलेंस्की रातोंरात हीरो बनकर उभर गए हैं। राजनीतिक विश्लेषक चाहे खुलकर नहीं कहे पर इससे अब नकारा नहीं जा सकता कि जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वार्ता के दौरान तीखी बहस और तेवर दिखाये हैं दबी जुबान से ही दुनिया के देशों ने इसे सराहा ही है। एक मजे की बात यह कि अब तक अमेरिका का पिछलग्गू माना जाने वाला यूरोप भी अब अमेरिकी तानाशाही के खिलाफ खुलकर सामने आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही व्यवहार को देखते हुए योरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने तो लेवेंस्की को यहां तक विश्वास दिलाया है कि आप अकेले नहीं है प्रिय राष्ट्रपति। मजबूत बने, निडर बने। हम न्यायपूर्ण स्थाई शांति के लिए आपके साथ काम करना जारी रखेंगे। यूरोप के तो करीब करीब सभी देश यूक्रेन के पक्ष में खुलकर आ गए हैं। चाहे वह फ्रांस हो, पोलण्ड हो, जर्मनी हो, नार्वे हो, स्पेन, इटली हो, एस्टोनिया हो या अन्य देश। सभी ने एक स्वर में यूक्रेन का साथ और सहायता देने का संकल्प दोहराया है। यूरोपीय संघ तो ट्रम्प को छोड़ कोई नया नेता ढूंढ़ने पर विचार आरंभ कर दिया है। देखा जाए तो अमेरिका की छवि बीच चौराहे पर साथ छोड़ देने वाले देश की बनती जा रही है। कल तक रुस का धूर विरोधी अमेरिका रुस के साथ प्यार की पीगे बढ़ाता दिख रहा है तो दूसरी और यूक्रेन जोकि अमेरिका और अन्य देषों के भरोसे ही अदम्य साहस का परिचय देते हुए रुस को लोहे के चने चबवा रहा है उस यूक्रेन और यूक्रेन के नागरिकों के साहस को नमन करने के स्थान पर आज अमेरिका यूक्रेन को रुस के सामने झुकने को बाध्य करना चाहता है। दरअसल अमेरिका की नजर दुनिया के देशों और उनकी संपदाओं पर है। खासतौर से अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प दुनिया के देशों को डंडे के जोर पर हांकना चाहते हैं। ट्रम्प चाहते हैं कि जो अमेरिका चाहे वही हो, यही कारण है कि एक और टैरिफ वार पर दुनिया के देशों को झोंक दिया है तो दूसरी ओर ग्रीन लैण्ड हड़पना चाहता है। कनाडा को 51 वां राज्य बनाना चाहता है। यूक्रेन के हजारों करोड़ डॉलर की खनिज संपदा पर नजर गड़ाये ट्रम्प यूक्रेन को 500 करोड़ डालर की खनिज संपदा पर समझौता करना चाहता हें यूक्रेन राष्ट्रप्रति देश के व्यापक हित में समझौता करने को तैयार होने के बावजूद जिस तरह से वार्ता के दौरान ट्रम्प ने तेवर दिखाएं उसे किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता है।

# बदले-बदले से 'सरदार' नजर आते हैं

**इस शेयर में अगर 'सरकार' की जगह 'सरदार' लिख दिया जाए तो यह पंक्तियां पंजाब के मुयमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान पर बिल्कुल स्टीक बैठती हैं। कुछ दिन पहले तक अपने चुटकलों से लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देने वाले भगवंत मान अब उर प्रदेश के योगी के अंदाज में दिखने लगे हैं। नशा तस्करों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं, दिन में हड़ताली राजस्व अधिकारियों को सीधा-सीधा धमकाते हैं कि 'आपको छुट्टी मुबारक' और शाम होते-होते उन्हें निलबित कर देते हैं। और तो और किसान नेताओं को यहां तक कहने लगे हैं कि 'बहुत हो चुका अब आपकी लैकमेलिंग और नहीं चलेगी। आप लोगों ने पंजाब को धरना प्रदेश बना कर रख दिया है।' पंजाब में इन दिनों मुयमंत्री के व्यवहार में आए बदलाव के कारण खोजे जा रहे हैं।**



वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश कर रहा है। चूंकि राज्य में 'आप' की क्रान्तिकारी सरकार अपना आधे से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुकी है परन्तु उपलब्धि के नाम पर सरकार के हाथ खाली-खाली से लगते हैं। क्रान्ति अब भ्रान्ति लगने लगी है। पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की छायाप्रति ही रही है। पंजाब में भी दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर आम आदमी क्लीनिक खोले गए, मनीष सिसोदिया के आदर्श स्कूलों की कॉपी करते हुए स्कूल आफ एमिनेंस खोले गए। पंजाब के मंत्री दिल्ली वालों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते नहीं अघाते परन्तु दिल्ली के विकास मॉडल के धड़ाम होने के बाद पंजाब का नेतृत्व भी सन्न है। आम आदमी पार्टी की दृष्टि से पंजाब में तो स्थितियां और भी विकराल हैं क्योंकि यहां उसकी सरकार के कार्यकाल में नशा अपनी तमाम सीमाएं तोड़ता दिख रहा है, जबकि पार्टी नशामुक्ति के हिमालयी वायदे करके सत्ता में आई थी। पर आज राज्य में आए दिन कहीं न कहीं नशे की ओवरडोज मौत होने की खबरें मिलती रहती हैं। कुछ जगह पर तो आठ-दस साल के बच्चों के भी नशे करने की खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। राज्य में आटे की तरह चिट्टा (हेरोइन) बिक रहा है। नशा महिषासुर राक्षस बन चुका है जिसको जितना मारो उसके रक्त की हर बून्द से नए-नए महिषासुर पैदा हो रहे हैं। पुलिस आए दिन भारी मात्रा में नशा पकडने का दावा करती है परन्तु इसके बावजूद पंचनद की धरती पर नशे का छठा दरिया बहता दिखाई देता है। राज्य का सरकारी कर्ज निरंतर बढ़ रहा है तो महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का चुनावी वायदा विपक्षी दल भूलने नहीं दे रहे।

कहते हैं कि एक बार मुल्ला जी ने नदी में बहते हुए रीछ को कम्बल समझ कर पकड़ लिया, पर कुछ ही देर बाद हालत यह हो गई कि मीयां जी तो कम्बल को छोडना चाहें पर अब कम्बल मीयां जी को ना छोड़े। यही हालत किसान संगठनों को लेकर भगवंत मान सरकार की होती दिख रही है। दिल्ली में चले किसान आन्दोलन के दौरान आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए आंदोलनकारी किसानों को केवल समर्थन ही नहीं दिया बल्कि लंगर-पानी तक पहुंचाने का काम भी किया। समय बदला, अब वही किसान संगठन आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए सिरदर्द बनते दिख रहे हैं। साल पहले किसानों के नए आंदोलन के तहत दिल्ली कूच करते हुए हरियाणा पुलिस ने आंदोलनकारियों को पंजाब-हरियाणा की सीमा शम्भू बार्डर पर ही रोक दिया था। आन्दोलनकारी किसान तब से वहां पक्का मोर्चा लगाए बैठे हैं। यह आंदोलन अब राज्य के विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बन रहा है। पंजाब की औद्योगिक नगरियां अमृतसर, जालन्धर, लुधियाना इसी मार्ग से दिल्ली के साथ जुड़ी हैं परन्तु रास्ता बंद होन के कारण न तो कारखानों को कच्चा माल आसानी से सप्लाई हो रहा है और न ही तैयार माल ठिकानों पर पहुंचाया जा सकता है। वैकल्पि मार्ग अपनाने से माल की लागत बढ़ रही है जिससे पंजाब के उद्योगपति पिछड़ रहे हैं। दिल्ली जाने के लिए आम लोगों को भी गांवों के कच्चे मार्गों से हो कर गुजरना पड़ता है। इससे पंजाब का उद्योग चरमराता जा रहा है, मुख्यमंत्री कई बार देश के बड़े धनपतियों से मिल कर राज्य में नये निवेश का आमंत्रण दे चुके हैं परन्तु जब पहले से स्थापित उद्योग किसान आंदोलनकारियों के कारण त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हों तो भला नया उद्योग कैसे राज्य में आए। पंजाब के उद्योगपति व व्यवसाई कई बार मुख्यमंत्री से भेंट कर इसका स्थाई हल निकालने की मांग कर चुके हैं पर कोई रास्ता निकलता नजर नहीं आ रहा, तो ऐसे में सरदार जी का बदलना समझ आता है।

कुछ विश्लेषक सरदार जी के बदलाव के पीछे पार्टी की आंतरिक राजनीतिक को भी कारण मान रहे हैं। सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि दिल्ली में कमरतोड़ पराजय के बाद राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो चुके अरविंद केजरीवाल अब पंजाब में अपनी सम्भावनाएं खोज रहे हैं। लुधियाना में आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी के देहांत के बाद वहां रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी ने वहां के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार घोषित किया है। इससे राज्य में इस चर्चा को बल मिला है कि खुद अरविंद केजरीवाल यहां से राज्यसभा जाने की इच्छा रखते हैं। भगवंत मान शायद अधिक अच्छे से जानते हैं कि राज्यसभा व लोकसभा की टिकटें बांटने वाले केजरीवाल पंजाब में केवल सांसद बनने के लिए नहीं आरहे, वे कुछ और चाहते हैं। अगर सरदार जी की सरकार यूं ही ढचक-ढचक शैली में चलती रही तो उनकी कुर्सी को खतरा हो सकता है। शायद यही कारण है कि भगवंत मान आज 'कमेडियन' से 'कर्मयोगी' बनने की कोशिश में सख्ती दिखा रहे हैं।

## अब राजनीति किसी शराबखाने की लड़ाई जैसी दिखती है

ऐसा लगता है कि सभ्यता की वह सारी मेहनत से गढ़ी गई अच्छाइयां नष्ट होती जा रही हैं! प्रिय पाठको एक समय था जब विश्व के नेता सज्जनों की तरह हाथ मिलाते थे, गर्मजोशी से मुस्कुराते थे और शिष्टाचार से बातें करते थे। बेशक, वे एक-दूसरे के पतन की साजिश रच रहे होते थे लेकिन कितने सभ्य तरीके से यह सब करते थे! कूटनीति कभी एक कला थी आज वह कला कुछ अधिक आदिम रूप में बदल गई है। विनम्रता गायब हो गई है और उसकी जगह कुत्तों की लड़ाई के बौद्धिक समकक्ष ने ले ली है। अब कोई नपा-तुला बयान नहीं देता। नेता सीधे प्रतिद्वंद्वी पर वार करते हैं, ऐसे अपशब्द उछालते हैं जैसे बच्चे बिस्कुट फैंकते हैं। ग्रैंडमास्टर रणनीतिकारों का दौर खत्म हो गया अब राजनीति किसी शराबखाने की लड़ाई जैसी दिखती है बस कुर्सियां कुछ कम टूटती हैं।

आज की राजनीतिक बहस को ही देख लीजिए कभी यह विचारों का गरिमामयी आदान-प्रदान हुआ करती थी लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने और मजाक उड़ाने का जरिया बन गया है। संसद में सदस्य एक-दूसरे को बीच में रोकते हैं, मेजें पीटते हैं, हंगामा करते हैं। बहसें, जो कभी प्रभावी और संजीदा होती थीं, अब केवल फेफड़ों की ताकत पर निर्भर हैं। जो सबसे जोर से चिल्लाए, वही जीतता है हालांकि सच कहें तो कुछ नेताओं की आवाज इतनी कर्कश होती है कि आश्चर्य होता है कि वे जीतते कैसे हैं! लेकिन इससे पहले कि हम शिष्टाचार की मृत्यु पर शोक मनाएं, जरा सोचें कि कहीं हमने भी इसे मारने में मदद तो नहीं की? आखिरकार, पुरानी दुनिया की कूटनीति भी पूरी तरह ईमानदार नहीं थी। वही नेता जो कैमरे के सामने मुस्कुराते थे, अक्सर चाय के समय चम्मच की जगह खंजर चला रहे होते थे। उनके 'शांति और सहयोग' के भाषण बिल्ली के उस वादे जितने सच्चे थे जो कहती है कि वह मछली के कटोरे को नहीं छुएगी। अंततः जनता समझदार हो गई। जब सच्चाई सामने आ ही जानी है तो फिर चालाक छल-प्रपंच क्यों? कम से कम आज जब कोई नेता बेतुकी बात करता है तो वह इसे खुलेआम करता है। फिर भी, हर शिष्टाचार दिखावा नहीं था। इतिहास में ऐसे नेता भी हुए जिन्होंने समझा कि मर्यादा केवल एक प्रदर्शन नहीं है।

# जमीन बेचकर, कर्ज उठाकर विदेश क्यों जाएं

भारत सरकार शुरू से ही विदेश जाने वालों के प्रति चिंतित, सजग तथा संबंधित रही है। 'इंडियन पासपोर्ट एक्ट' 1967 से लागू हुआ है। तभी से पासपोर्ट प्राप्त करना अपेक्षाकृत सरल हो गया है। उससे पहले पासपोर्ट प्राप्त करना काफी कठिन था। कुछेक लोगों को ही बड़ी मुश्किल से पासपोर्ट मिलता था। पासपोर्ट धारक को विदेश जाने के लिए 'प्रोटैक्टर ऑफ एमीग्रेन्टस' अर्थात अप्रवासियों को संरक्षक से अनुमति प्राप्त करके उसकी मोहर लगवानी पड़ती थी।

इस मोहर का उद्देश्य था पासपोर्ट धारक विदेश जाकर किसी प्रकार से परेशान तथा शोषित न हो तथा केवल सक्षम व्यक्ति ही विदेश जाएं। इस प्रावधान को सन् 2007 में बदलकर 'एमीग्रेशन चैक नॉट रिक्वायरड' पासपोर्ट पर अंकित करना शुरू हो गया। इसके लिए भी कुछ खास शर्तें हैं। इनका उद्देश्य भारतीयों को विदेश में संरक्षण देना, सुनिश्चित करना था परन्तु पासपोर्ट धारकों ने इस प्रक्रिया को मात्र एक औपचारिकता के रूप में लिया तथा उसका मूल उद्देश्य दरकिनार कर दिया।

विदेश जाकर वहां बसने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। कानूनी ढंग से बात करें तो पढ़ाई के लिए वीजा प्राप्त करके पढ़ाई पूरी करके अन्य औपचरिकताएं व कागजात पूरे करके विदेश में बसने की इजाजत लेना अमरीका सहित कई अन्य देश वहां बसे अप्रवासी भारतीयों के परिवारों के सदस्यों को वहां पहुंचाने की इजाजत देते हैं। इसे 'फैमिली पटीशन' कहा जाता है। इस प्रक्रिया में संबंध की निकटता के आधार पर कम या ज्यादा समय लग सकता है।

विदेशी लड़के-लड़की के साथ शादी करके भी जाया जा सकता है। विदेश घूमने के लिए भी वीजा का प्रावधान है। अमरीका जाकर बसने, वहां का स्थायी निवासी बनने तथा 'ग्रीन कार्ड' प्राप्त करने के लिए एक 'इन्वैस्टमैंट वीजा ई-बी 5' का भी प्रावधान सन 1990 से चला आ रहा है। इसके लिए 8 लाख अमरीकन डालर का निवेश करना होता था। उस समय अमरीकन डालर की कीमत भारतीय रुपए के मुकाबले 17 रु. थी। अब




अमरीका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे बदलकर नया रूप 'गोल्ड कार्ड' दे दिया है। इसके लिए 50 लाख अर्थात 44 करोड़ रुपए का निवेश करना जरूरी हो गया है। इसमें पति-पत्नी सहित 21 वर्ष से कम बच्चों को भी स्थायी तौर पर रहने की अनुमति है। कुछ लोग विदेश में बसने के लिए 'विजिटर वीजा' प्राप्त करने के पश्चात वहां जाकर वापस नहीं आते किसी प्रकार वकील आदि का सहारा लेकर वर्क परमिट बनवाकर या वहां के निवासी से शादी करके मामले को लम्बी प्रक्रिया में डाल देते हैं। अनपढ़ व्यक्ति भी पैसे के सहारे किसी लड़की को 'आईलैट्स' के 'स्कोर' के सहारे विदेश की 'पी.आर.' (स्थायी निवासी) लेकर वहां भेज देते हैं, यह सोचकर कि वहां जाकर वह लड़के को बुला लेगी परन्तु इसमें से अधिकतर लड़कियां, विदेश की चकाचौंध, स्वतंत्रता या फिर किसी विवशता के कारण, अपने सभी वायदों व उसूलों को ताक पर रखते हुए लड़के के साथ धोखा करती है तथा उसे भूल जाती है।

विदेश में किसी अन्य के साथ घर बसा लेती है तथा भारत में बैठा लड़का ठगा-सा महसूस करता है। मारे शर्म के अपना मुंह भी नहीं खोलता। ऐसा अक्सर हो रहा है।गैर-कानूनी ढंग से विदेश जाने की प्रक्रिया में 'डंकी रूट' भी आता है। ऐसा करना, 'सिर हथेली पर रख कर चलने' के समान होता है। ऐसा वह लोग करते हैं जिनके सिर पर विदेश जाने का भूत सवार होता है तथा जिन्हें अपनी जान की परवाह नहीं होती।एजेंटों द्वारा गुमराह किए गए व सब्जबाग दिखाए गए यह युवक 'जिंदगी गंवाने वाले जोखिम भरे हालातों से जूझने को विवश हो जाते हैं।'इस प्रक्रिया में विदेश जाने वाले अपनी मां-रूपी जमीन के एकड़ (किल्ले) बेच देते हैं, उच्च ब्याज दर पर कर्ज उठाते हैं। मकान, जायदाद, जमीन, गहने या तो गिरवी रखते हैं या बेच ही देते हैं। ऐसा कल के उज्ज्वल भविष्य के दृष्टिगत किया जाता है परन्तु वह भूल जाते हैं कि विदेश जाकर हर प्रकार की तंगी काटकर अपनों से दूर रहकर 5-7 सालों बाद जो थोड़ा-बहुत पैसा वह जमा करके लाते हैं, उससे रुपए के अवमूल्यन, मुद्रास्फीति तथा महंगाई के दृष्टिगत इतना कुछ भी नहीं बन पाएगा जितना वह बेचकर विदेश गए थे। जमीन के किल्ले (एकड़) बेचने वाले पशुओं के कीले (खूंटे) गढने में भी असमर्थ हो जाएंगे। अपनों को प्रौढ़ या बूढ़ा हो चुका पाएंगे या फिर भगवान को प्यारे हो चुके।स्वदेश व विदेश का अंतर हमें इस बात से समय लेना चाहिए कि हाल ही में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गैर-कानूनी अवैध अप्रवासियों के विरुद्ध एक अभियान छेड़ रखा है तथा उन्हें निर्वासित कर रहे हैं। भारत में भी ऐसे लोग वापस भेजे जा रहे हैं जो अमरीका में गैर-कानूनी ढंग से रह रहे हैं तथा जिनके पास वैध कागजात नहीं हैं।

# पेड़ से टकराई बोलेरो, 2 की मौत, 1 महिला गंभीर

## तेज रफ्तार होने से बिगड़ा बैलेंस, शिवपुर तिराहा के पास हादसा

**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। शनिवार सुबह शिवपुर तिराहा के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। घटना में बोलेरो के चालक और एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

मामला प्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। बोलेरो में 3 लोग सवार थे। पीछे बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है।



**तेज रफ्तार में थी बोलेरो:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बोलेरो बहुत तेज गति से जा रही थी। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।


**जांच में जुटी पुलिस:** घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# अरपा-भैंसाझार प्रोजेक्ट में 3.42 करोड़ का मुआवजा घोटाला

## आरआई की बखास्तगी के बाद अब एसडीएस समेत दोषी अफसरों पर होगी कार्रवाई, शासन से अनुशंसा

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर के अरपा भैंसाझार परियोजना में एक ही खसरे का अलग-अलग रकबा दिखाकर मुआवजा बांटने में 3 करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रुपए की अनियमितता की गई। मामला उजागर हुआ और जांच की गई, तब कोटा के तत्कालीन एसडीएम आनंद रूप तिवारी, कीर्तिमान सिंह राठौर समेत अन्य अफसरों को दोषी पाया गया था, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं की गई। अब दोबारा जांच के बाद आरआई मुकेश साहू को बर्खास्त कर दिया है। वहीं, दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शासन से अनुशंसा की गई है।

**पहले स्ढरूसमेत इन अफसरों को माना गया था जिम्मेदार:** दरअसल, अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट जब शुरू हुआ और जमीन अधिग्रहण किया गया, तब मुआवजा बांटने की



आड़ में 3.42 करोड़ का घोटाला कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। मामला सामने आने पर तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने जांच की थी। तब तत्कालीन कोटा एसडीएम आनंद रूप तिवारी, कीर्तिमान सिंह राठौर, तत्कालीन नायब तहसीलदार मोहर साय सिदार, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक राहुल सिंह, तत्कालीन पटवारी दिलशाद अहमद, मुकेश साहू के अलावा जल संसाधन विभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता आरएस नायडु, अशोक तिवारी, तत्कालीन एसडीओ तखतपुर राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, आरपी द्विवेदी, उप अभियंता तखतपुर आरके राजपूत को जिम्मेदार माना गया था।

**दोबारा जांच में सिर्फ पटवारी बताया दोषी, कलेक्टर ने किया बर्खास्त:** पिछली सरकार में जब विधानसभा में मामला उठा तो बताया गया कि इस प्रोजेक्ट में मुआवजा बांटने के बहाने 3.42 करोड़ का घोटाला कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। लेकिन, दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने दोबारा जांच टीम गठित की।

जांच में पुष्टि हुई कि तत्कालीन पटवारी मुकेश साहू ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और भूअर्जन अधिकारी कोटा को भूअर्जन प्रकरण में एक खसरे का चार अलग-अलग रकबा दर्शाते हुए विरोधाभासी प्रतिवेदन दिया था। बटांकित खसरा नंबरों को बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के बगैर ही मर्ज कर दिया था।

# "न्यू लाईफ" में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**मीडिया ऑडीटर, बैकंठपुर (निप्र)।** "न्यू लाईफ" हेल्थ एण्ड ऐजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित "न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग, बैकुंठपुर में नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं की समाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का उत्सव मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए और महिलाओं के समान अधिकार, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार और प्रजनन अधिकारों जैसे जरूरी विषयों पर केंद्रित है। इस वर्ष का थीमः- "एक्सलरेट एक्शन" रखी गई है जिसका मतलब है- लैंगिक समानता के लिए शीघ्र और निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर देती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वंदना जायसवाल "न्यू लाईफ" हेल्थ एण्ड ऐजुकेशन सोसायटी के सचिव उपस्थित थी एवं कार्यक्रम का आयोजन समस्त शिक्षकों के द्वारा प्राचार्य डॉ0 अंजना सैमुएल के मार्गदर्शन में किया गया।

# खरहरा पिकनिक स्पॉट से महिला का अपहरण, रेप

## तीन आरोपियों ने पहले दोस्तों को पीटा, फिर महिला को स्कूटी से जंगल लेजाकर किया दुष्कर्म

**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर (एजेंसी)।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर इलाके में खरहरा पिकनिक स्पॉट घूमने गई एक महिला के साथ रेप हुआ है। महिला अपनी बहन और दो दोस्तों के साथ शुक्रवार शाम को यहां पहुंची थी। वहां पहले से ही मौजूद तीन युवक शराब पी रहे थे। तभी आरोपियों ने पहले तो पीड़ित के दोनों दोस्तों को पीटा फिर महिला को स्कूटी में बैठाकर पास के जंगल में ले गए जहां उसके साथ एक आरोपी ने रेप किया।

इस घटना के बाद महिला की बहन और दोनों दोस्त आसपास उसकी तलाश करते रहे। जब उसका कहीं पता नहीं चला तो उन्होंने शुक्रवार रात 8 बजे वाड्रफनगर थाने में घटना की जानकारी दी।

**थाने से 500 मीटर दूर आरोपी के घर से मिली महिला:** शिकायत के बाद वाड्रफनगर चौकी प्रभारी धीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में बताए गए हुलिए और गाड़ी के आधार पर



आरोपी युवकों और महिला की खोजबीन शुरू की और शुक्रवार देर रात वाड्रफनगर थाने से महज 500 मीटर दूर से ही सुनील नाम के आरोपी के घर पर दबिश देकर महिला को बरामद कर लिया गया।

**नशे में थे तीनों आरोपी, एक ने किया रेप:** वाड्रफनगर पुलिस के मुताबिक महिला ने पूछताछ में बताया कि उसका अपहरण कर युवकों ने उसे सुनील कुमार के घर में बंद कर दिया। दो अन्य युवकों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान तीनों नशे की हालत में थे।

**शादीशुदा है मुख्य आरोपी सुनील:** मुख्य आरोपी सुनील कुमार पहले से शादीशुदा है। उसके बच्चे भी हैं। तीनों नशे की हालत में पिकनिक स्पॉट के पास शाम को शराब पीने पहुंचे थे। दो युवतियों एवं दो युवकों को देखकर उनकी नियत बिगड़ गई और उन्होंने घटना को अंजाम दिया। तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## निगम ने सीढ़ी हटाया, छत पर बंधक बने बुजुर्ग दंपती

# अतिक्रमण अमला ले गया सीढ़ी, पार्षद की भी नहीं सुन रहे अफसर



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने कार्रवाई के नाम पर एक बुजुर्ग पति-पत्नी को घर की छत पर रहने पर मजबूर कर दिया है। दो दिन पहले दयालबंद इलाके के जगमल चौक से गुरुनानक चौक जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिसमें घर के बाहर लगे सीढ़ी को भी उखाड़ दिया।

इस दौरान छत पर फंसे पति-पत्नी मिन्नतें करते रहे। लेकिन, किसी ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। पार्षद ने भी अफसरों को घटना की जानकारी दी। लेकिन, अफसरों ने उनकी बातों को भी नजरअंदाज कर दिया।

दरअसल, शहर की सड़कों पर दुकान संचालकों और ठेले वालों का कब्जा रहता है। इसके चलते सड़कें सकरी हो गई हैं। इससे ट्रैफिक भी बाधित होती है। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम अतिक्रमण शाखा और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई गांधी चौक से शुरू हुई, जो जगमल चौक तक चली। इस दौरान दयालबंद में जमकर विवाद हुआ। दयालबंद में सलूजा स्टील द्वारा सड़क पर कब्जा करते हुए छड़ रख दी गई थी। इसके चलते ट्रैफिक बाधित हो रहा था। इस पर निगम ने सख्ती दिखाते हुए संचालक पर 25 हजार का जुर्माना भी किया।

**सीढ़ी हटाने के बाद छत पर कैद हैं बुजुर्ग दंपती:** तोरवा क्षेत्र के जोन क्रमांक-6 में इस कार्रवाई के दौरान निगम कर्मियों ने जगमल चौक के पास रहने वाले 70 वर्षीय दीपक प्रकाश तिवारी के घर की सीढ़ी तोड़ दी। उसे जब्त कर ले गए। इस कार्रवाई के बाद बुजुर्ग दंपती अपने ही घर में कैद हो गए हैं। दीपक प्रकाश तिवारी और उनकी पत्नी अब घर से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। आने जाने का सिर्फ एक ही रास्ता है।

जिस कारण बुजुर्ग दंपती का घर की छत से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जब इस मामले में जोन कमिश्नर और नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने मामले की जानकारी न होने का हवाला दिया है। वहीं बुजुर्ग का कहना है कि, सुबह निगम के अतिक्रमण दस्ते की टीम ने अचानक मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस दौरान न तो उन्होंने नोटिस दिया और न हो व्यवस्था बनाने के लिए मौका दिया।

**फोन कर मांग रहे मदद:** बुजुर्ग ने बताया कि, वो हार्ट पेशेंट है और उनकी पत्नी भी बीमार रहती है। ऐसे में निगम कर्मियों ने उनकी कोई बात सुने बगैर कार्रवाई कर दी। दो दिन से वो घर के अंदर कैद हैं। जरूरत के लिए उन्हें पड़ोसियों को मोबाइल पर काल करना पड़ रहा है।

**पार्षद की भी नहीं सुन रहे अफसर:** नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद मोती गंगवानी ने बताया कि, नगर निगम को कार्रवाई करने के पहले वार्ड पार्षद को सूचना देनी चाहिए। लेकिन, निगम के अफसरों ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी। न ही जिनका कब्जा हटाया गया है उन्हें नोटिस दिया गया।

इस कारण लोगों को दिक्कतें हो रही है। जिस घर के सामने से सीढ़ी हटाया गया है, वहां बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। इसकी जानकारी उन्होंने निगम के अधिकारियों को भी दी है।

## चिरमिरी नगर पालिक निगम में निर्विरोध संतोष सिंह चुने गए स्पीकर

# सरकार के सुशासन को जनता ने स्वीकार किया : जायसवाल

**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (निप्र)।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 अंतर्गत शनिवार को चिरमिरी नगर निगम में चौथी बार भाजपा से पार्षद बने वार्ड क्रमांक 01 के संतोष सिंह को निर्विरोध सभापति(स्पीकर )चुन लिया गया। विदित हो कि 40 वार्डों वाले नगर पालिक निगम चिरमिरी में भाजपा से 27 पार्षद चुनकर पार्षद पद पर विराजमान हुए और पार्षदों की भारी संख्या होने की वजह से अलग थलग पड़ी कांग्रेस सभापति के लिए किसी का नाम आगे नहीं बढ़ा सकी लिहाजा प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम में आए सिंगल नाम के भाजपा पार्षद संतोष सिंह को सभापति(स्पीकर ) के लिए चुन लिया गया। ट्रिपल इंजन के नाम से बनी शहर सरकार में भाजपा के महापौर राम नरेश राय सहित सभापति संतोष सिंह अब शहर सरकार का संचालन करेंगे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने सभापति संतोष सिंह को निगम के पांचवे कार्यकाल के रूप में सभापति (स्पीकर) का दायित्व मिलने की बधाई और शुभकामनाएं दी।



उल्लेखनीय रहे कि शनिवार की सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक नगर पालिक निगम चिरमिरी के अध्यक्ष(स्पीकर) पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय निर्धारित किया गया था जिसमें नियत समय तक भाजपा की ओर से एक नाम वार्ड क्रमांक 01 संतोष सिंह का प्राप्त हुआ। संतोष सिंह के नाम का प्रस्ताव भाजपा के वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद बबलू डे और समर्थक के रूप में वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद मनीष खटीक ने दिया। इसी प्रकार अपील समिति के 04 सदस्यों के निर्वाचन के लिए 05 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक अभ्यर्थी देवकरण सिंह, पार्षद वार्ड क्रमांक 15 के नाम निर्देशन पत्र में त्रुटि पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया वही शेष 04 अभ्यर्थियों के नाम प्राप्त हुए निर्देशन पत्र सही पाया गया। अपील समिति सदस्य के रूप में पूर्वा स्थापक, पार्षद वार्ड क्रमांक 12 के लिए प्रस्तावक हीराबाई चौहान, पार्षद वार्ड क्रमांक 26 और समर्थन जागेश्वरी देवांगन, पार्षद, वार्ड क्रमांक 03 तथा भागवत निर्मलकर, पार्षद वार्ड क्रमांक 19 के लिए प्रस्तावक मोती प्रधान, पार्षद वार्ड क्रमांक 08 और समर्थन संगीता सेन, पार्षद, वार्ड क्रमांक 39, सन्नी कुमार चौहथा, पार्षद वार्ड क्रमांक 30 के लिए प्रस्तावक रजनी चौहान, पार्षद वार्ड क्रमांक 27 और समर्थन माधुरी सुभाष कश्यप, पार्षद, वार्ड क्रमांक 14 और गुलाम साबिर, पार्षद वार्ड क्रमांक 04 के लिए प्रस्तावक इम्तियाज अहमद, पार्षद वार्ड क्रमांक 35 और समर्थन गायत्री विरहा, पार्षद, वार्ड क्रमांक 40 ने दिया। स्पीकर निर्वाचन के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रदेश की जनता जनार्दन का धन्यवाद करना चाहूंगा उन्होंने विष्णु देव सरकार के सुशासन पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों भाजपा को जीत दिलाई है और आज नगर निगम चिरमिरी में सभापति चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में भाजपा से संतोष सिंह को सभापति चुना गया इसके लिए मै चिरमिरी नगर निगम के सभी पार्षदों का भी धन्यवाद करता हूं।

## महापौर ने पेयजल समस्या निराकरण के लिए किया दौरा

# नगर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना मेरा प्रथम कर्तव्य होगा : महापौर



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** पदभार ग्रहण के बाद से सुबह शाम लगातार नगर पालिक निगम के प्रथम नागरिक महापौर राम नरेश राय शहर का निरीक्षण कर आवश्यक गतिविधियों से रूबरू हो रहे हैं शहर के प्रत्येक जगह पर शुद्ध पेयजल पहुंचे इसके लिए वे अभी से प्रयास में जुट गए हैं आगामी गर्मी में होने वाली पानी की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने निर्देशित कर रहे हैं इसी क्रम में महापौर ने पीएचई के कार्यपालन अभियंता एवं नगर निगम के कमिश्नर रामप्रसाद आचला सहित अधिकारियों के साथ शहर के कुरासिया रोड आमानाला के पास व्यर्थ बह रहे पानी का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को व्यर्थ बह रहे पानी को सुचारु कर डोमनहिल वासियों को पानी की पर्याप्त आपूर्ति करने के लिए निर्देशित किया इसी प्रकार बरतुंगा एसईसीएल के फिल्टर प्लांट का भी महापौर ने निरीक्षण किया और बरतुंगा वासियों को पर्याप्त पानी की सुविधा उपलब्ध कराने एसईसीएल के संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया निरीक्षण के दौरान महापौर राय ने बताया कि साफ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना मेरा पहला कर्तव्य होगा ग्रीष्मकाल में नगर वासियों को पानी के लिए असुविधा न हो इसका पूर्ण ध्यान रखना अधिकारी सुनिश्चित करें इस दौरान नगर निगम के सभापति संतोष सिंह पार्षद रामअवतार देवांगन एवं पीएचई व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हैं।

## जल जागरूकता अभियान में महिलाओं की रही सक्रिय भागीदारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पसौरी एवं भरतपुर विकासखंड के ग्राम तिलौली-बहरासी में कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ओंकार सिंह, सहायक अभियंता ए. एस. सिदार, जयंत कुमार चंदेल और उप अभियंता मनमोहन सिंह के आदेशानुसार जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिला परियोजना समन्वयक (मॉनिटरिंग) अनिमेष कुमार तिवारी, ज्ञानेंद्र कुमार साहू, निहाल डिक्सना, रितेश डिक्सना और नवीन कुमार द्वारा पंचायत में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी रही, जहां जल बहिनियों, ग्राम जल स्वच्छता समिति एवं गांव की महिलाओं को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं जल प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिससे ग्रामीण महिलाएं जल प्रबंधन में और अधिक जागरूक व सशक्त हो सकें।

## खड़गवा में अनूठे रूप में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भाव विभोर हुई सफाईकर्मी

# स्वच्छता दौड़ का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** विदित हो कि प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के द्वारा किए गए कार्यों हेतु विभिन्न माध्यमों से सम्मानित किया जाता है इसी क्रम में कलेक्टर डी राहुल वेंकट के दिशानिर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया ग्राम पंचायत खड़गवां में अनोखे रूप से स्वच्छाग्राही महिलाओं स्वच्छता सेवकों का सम्मान किया गया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक राजेश जैन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता सेवकों रूपवती, सुषमा, सुमित्रा, साधना सोनमती, राजकली, पीरन बाई, ललिता,सुषमा सावित्री का पैर धुलकर अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान किया। जिले में यह पहला अवसर था जब सफाई कर्मियों के पैर धुलकर किसी शासकीय सेवक ने स्वच्छता सेवकों का इस तरह आत्मीय सम्मान किया हो स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के दौरान राजेश जैन ने कहा समाजोत्थान में नारी शक्ति का स्मरणीय योगदान है सृष्टि सृजन से लेकर अंत्योदय की परिकल्पना को मूर्त रूप में स्थापित करने में महिलाओं की अहम भूमिका है आपके कार्यों और समर्पण से आज समाज स्वच्छ परिवेश और स्वस्थ जीवन यापन कर रहा हैप् वॉश रन (स्वच्छता दौड़) के आयोजन में ग्राम महिलाओं ने बढ़चढ़ प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान कविता दूसरा स्थान रीना साहू एवं तृतीय स्थान आशा ने प्राप्त किया कार्यक्रम समापन के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों एवं महिलाओं ने व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ सामुदायिक स्वच्छता हेतु षपथ ली की हम सर्वजानिक स्थलों पर गंदगी नहीं करेंगे और न करने देंगे साथ ही स्वच्छता के प्रति स्वयं के व्यवहार में परिवर्तन करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करेंगे एवं सदैव स्वच्छता हेतु हर सप्ताह श्रमदान कर स्वच्छता को बढ़वा देंगे ताकि हमारा गांव जिला एवं प्रदेश स्वच्छ स्वस्थ सुंदर एवं समृद्ध बन सके कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप धनंजय पांडे प्रदेश कार्यकारी सदस्य, जनपद सीईओ रूपेश बंजारे, तहसीलदार शशि शेखर मिश्रा, प्रभारी एसबीएम राजकुमार लकरा के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छताग्राही महिलाओं का हुआ सम्मान

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हाथों में है बच्चों के प्रारंभिक विकास की जिम्मेदारी : महिला बाल विकास अधिकारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा जनपद पंचायत के अमृत सदन सभा कक्ष में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजकुमार खाती, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई कुसरो एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती कविता बंसल (लालपुर) उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो स्वास्थ्य कारणों से बीच में ही कार्यक्रम से चली गईं। इसके बाद जनपद सदस्य कविता बंसल ने माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजकुमार खाती ने सरस्वती वंदना




की और सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में राजकुमार खाती ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग एक परिवार की तरह कार्य करता है और अधिकारी का कर्तव्य पिता के समान होता है। उन्होंने कहा कि हम किसी का अहित नहीं चाहते, लेकिन प्रशासनिक उत्तरदायित्व के तहत कभी-कभी कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल और प्रारंभिक विकास की जिम्मेदारी इनके हाथों में होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि एनसीसी (हृष्टष्ट) की टीम खेल-खेल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में मदद कर सकती है। जनपद सदस्य कविता बंसल ने अपने वक्तव्य में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का नहीं, बल्कि नारी शक्ति, समानता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन हमें मिलकर उन्हें और सशक्त बनाना होगा। शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता ही सशक्त नारी का आधार हैं। मैं सभी बहनों से कहना चाहूंगी कि अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखें और समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं। वहीं जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज की रीढ़ हैं और भविष्य की पीढ़ी को संवारने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि वे स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपने घरों और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की, ताकि बच्चों को स्वच्छ और स्वस्थ माहौल मिल सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला स्व-सहायता समूहों और स्वच्छता कार्यकर्ताओं को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वन देवी महिला स्व-सहायता समूह (मुख्तियारपारा) को स्वच्छताग्राही सम्मान, साक्षर महिला समूह (ग्राम पंचायत चौनपुर) को माहवारी स्वच्छता सम्मान, उजियारपुर मिन्टा को सामुदायिक शौचालय उपयोगिता सम्मान, व्यक्तिगत शौचालय स्वच्छ प्रतियोगिता में चिरईपानी की पार्वती, डोमनापारा की संतोषी, स्वच्छताग्राही लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह, मुख्तियारपारा की सरोजनी, सलका की सुभद्रा, परसगढ़ी की रानी एवं उर्मिला टोप्पो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग से सुमन सिंह, आधा देवी, चिंता तिवारी, सावित्री चंद्रा, विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ, महतारी वंदन योजना के लाभार्थी, स्वच्छताग्राही एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होली मिलन में रविशंकर के पैर छूने झुके नीतीश

**पटना ( एजेंसी )।** पटना में शनिवार को होली मिलन समारोह के दौरान सीएम नीतीश कुमार भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के पैर छूने के लिए झुके। हालांकि क्च्छ्क्सांसद ने मुख्यमंत्री को रोक दिया। पास खड़े जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने भी सीएम का हाथ पकड़ा। इसके बाद नीतीश कुमार ने रविशंकर को गले लगा लिया। नीतीश कुमार रविशंकर प्रसाद से 4 साल बड़े हैं। दरअसल, पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। सीएम नीतीश कुमार, संजय झा, मंत्री विजय चौधरी के साथ वहां पहुंचे थे। रविशंकर प्रसाद ने उन्हें गेट से रिसीव किया। फिर गुलाल का टीका लगाया। सीएम ने गुलाल से टीका लगाने की जगह फूलों से अभिनंदन किया। इस दौरान विधानसभा स्पीकर नंद किशोर यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम से लौटते समय नीतीश ने रविशंकर के पैर छूने की कोशिश की।

## ईडी ने हैदराबाद एयरपोर्ट से बिजनेस जेट जब्त किया

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त किया। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के सीएमडी अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज स्न्ढ्क्रसे जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है। आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ी वाले इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के जरिए निवेशकों से 1700 करोड़ रुपए इकट्?ठा किए। कुल फंड में से 850 करोड़ रुपए वापस कर दिए गए। 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया। 22 जनवरी को अमरदीप फरार हुआ जांच एजेंसी का मानना है कि जेट को पोंजी स्कीम के पैसे से खरीदा गया था। श्वष्ठ ने सीमा शुल्क विभाग से जेट की आवाजाही के बारे में जानकारी मांगी थी। इससे चला कि अमरदीप एक अन्य व्यक्ति के साथ 22 जनवरी को इसी विमान के जरिए देश से बाहर चला गया है। हालांकि, कंपनी के वाइस चेयरमैन और डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी को यह जानकारी भी मिली कि 8-सीटर बिजनेस जेट 7 मार्च को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंच चुका है। इसी के बाद जब्ती हुई।

## ट्रम्प के सामने भिड़ गए मस्क-रुबियो

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौजूदगी में डीओजीओ चीफ इलॉन मस्क और विदेश मंत्री मार्क रुबियो के बीच गुरुवार को कैबिनेट मीटिंग में बहसबाजी हुई। यह दावा न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस मौके पर 20 से ज्यादा अफसर मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच स्टाफ कटौती के मुद्दे पर बहस हुई। मस्क ने बैठक में विदेश मंत्री पर आरोप लगाया कि वे अपने विभाग में स्टाफ की संख्या में कटौती नहीं कर पाए हैं। इस पर रुबियो ने कहा कि मस्क झूठ बोल रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई और शुभकामनाएँ

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति माँ और बहन प्रधान है, इसी का प्रभाव है कि हमारे देश का नाम भारत माता से जोड़कर लिया जाता है। महिलाओं और बहनों की जिंदगी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि नारी सशक्तिकरण में मध्यप्रदेश देश में आदर्श राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में सुरक्षा सहित समस्त व्यवस्थाएं संभाल रही महिला अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरक्षा की जिम्मेदारी सुश्री बिट्टू शर्मा के पास थी, वहीं मुख्यमंत्री का वाहन इंस्पेक्टर सुश्री इरशाद अली चला रही थीं, कारकेड के वाहनों की जिम्मेदारी सुश्री सपना सहित अन्य महिला चालकों पर थी। ओएसडी का दायित्व अंडर सेक्रेटरी सुश्री श्रीलेखा क्षोत्रीय निभा रही थीं और प्रेस अधिकारी की जिम्मेदारी श्रीमती बिंदु सुनील और श्रीमती सोनिया परिहार के पास रही। फोटोग्राफी की जिम्मेदारी सुश्री जिया श्रीवास्तव, कृति मानिक पुरी, असमा नकवी और आकांक्षा मीणा ने निभाई। कारकेड की पायलेट निरीक्षक रेणू मुरार थीं।



## दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 मिलेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को दिल्ली भाजपा के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले ष्ट्ररूरेखा गुप्ता ने कैबिनेट मीटिंग की। दिल्ली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला समृद्धि योजना लॉन्च कर दी। इसमें (गरीबी) परिवार की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में योजना



शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले शनिवार सुबह दिल्ली कैबिनेट की बैठक में योजना को मंजूरी दी गई। योजना लॉन्च करते हुए नड्डा ने कहा- मैं सीएम रेखा गुप्ता और अन्य लोगों को बधाई देता हूं कि दिल्ली में इस योजना को लागू करने के लिए 5100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। योजना तुरंत शुरू की जाएगी। भाजपा की चुनावी सफलता में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए नड्डा ने कहा, दिल्ली की जीत महिलाओं के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान आप के महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने के वादे के सामने भाजपा ने 2500 रुपए देने का वादा किया था। पार्टी को इसका फायदा मिला और भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी की, जबकि आप 22 सीटों पर सिमट गई।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 3 लापता लोगों के शव मिले

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन लापता लोगों के शव बिलिवार की ऊपरी पहाड़ियों पर मिले। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। सभी तीन दिन पहले आतंकवाद प्रभावित इलाके से लापता हुए थे। इनकी पहचान जोगेश सिंह (35 साल), दर्शन सिंह (40 साल) और वरुण सिंह (14 साल) के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक तीनों 6 मार्च की रात करीब 8-30 बजे एक शादी में शामिल होने के लिए निकले थे।

इसके बाद से ही गायब थे। इनमें से एक ने दो दिन पहले अपने परिवार से संपर्क किया था। उसने बताया था कि वे शादी से वापस आते समय जंगल में रास्ता भटक गए हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया।

ऊपरी इलाकों में तलाश के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। करीब 60 घंटे की मशक्कत के बाद लोहाई मल्हार इलाके में पहाड़ी नाले के पास तीनों के शव बरामद हुए। सूत्रों के मुताबिक इस इलाके में आतंकवादी की मौजूदगी रहती है। पिछले दो सालों में यहां कई आतंकी हमले हुए हैं। पिछले महीने भी इस इलाके में दो लोगों के शव पाए गए थे। भाजपा विधायक सतीश शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा था।

## मोदी ने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की

**नवसारी ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी पहुंचे। खुली जीप में हेलीपैड से करीब 700 मीटर का रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की। पीएम ने कहा- मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे पहले मुझे महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला है और आज



मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला है। लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई पीएम ने कहा- अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को सभी अधिकार मिल गए हैं। पहले वहां महिलाएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। पिछली सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं थी। हमने सरकार में आते ही सबसे पहले उन महिलाओं के लिए काम किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई।

मातृत्व अवकाश 26 हफ्ते का किया पीएम ने कहा- चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या खेल का मैदान, महिलाएं देश के हर क्षेत्र में मौजूद हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है।

## एअर-इंडिया ने 82 साल की महिला को व्हीलचेयर नहीं दिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशन एयरपोर्ट पर 82 साल की महिला को एअर इंडिया ने व्हीलचेयर देने से मना कर दिया। वह इसके लिए एक घंटे तक इंतजार करती रहीं। फिर काफी दूर तक चलना पड़ा। बाद में एयरलाइन काउंटर के पास वह गिर गईं। गिरने से महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, लेकिन वहां मौजूद किसी भी स्टाफ ने मदद नहीं की। वे दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। महिला की पोती पारुल कंवर ने 7 मार्च को एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि 4 मार्च को वे अपनी दादी के साथ दिल्ली से बेंगलुरु जा रही थी। एअरलाइंस ने उनकी बुजुर्ग दादी के साथ बुरा व्यवहार किया। उन्होंने टिकट बुकिंग के दौरान ही दादी के लिए एयरक्राफ्ट डोर तक व्हीलचेयर की डिमांड की थी। टिकट पर व्हीलचेयर की पुष्टि भी थी। लेकिन टर्मिनल-3 पर 1 घंटे के इंतजार के बाद भी व्हीलचेयर नहीं दी गई।पारुल ने आरोप लगाया कि बाद में एक व्हीलचेयर आई और दादी को विमान में बैठा दिया गया, लेकिन सही मेडिकल चेकअप नहीं मिला। वह होंठ से बहते खून, सिर और नाक पर चोटों के साथ विमान में चढ़ीं।

## मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा

**मणिपुर ( एजेंसी )।** मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुरुष प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हैं। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट (30 साल) के रूप में हुई है। लालगौथांग झड़प के दौरान गोली लगने से घायल हुआ था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सुरक्षाबलों के पैलेट गन इस्तेमाल करने की खबर प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे



लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की। सुरक्षाबलों की ओर से पैलेट गन का इस्तेमाल होने की भी खबर है। कुछ तस्वीरों-वीडियोज में घायलों के शरीर पर पैलेट गन के छर्रों के निशान दिख रहे हैं। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## कर्नाटक का बजट देश के लिए मॉडल, 'ब्रांड बेंगलुरु' को मिलेगा बढ़ावा-शिवकुमार



**बैगलुरू ( एजेंसी )।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को राज्य के बजट को देश के लिए एक मॉडल बताते हुए कहा कि इसमें बेंगलुरु की यातायात समस्याओं के समाधान के लिए कई परियोजनाओं का प्रावधान किया गया है। बेंगलुरु विकास के प्रभारी मंत्री शिवकुमार ने कहा कि शहर में 700-800 किलोमीटर नई सड़कें जोड़ी जा रही हैं। शिवकुमार ने कहा, यह बजट देश के लिए एक आदर्श है। अन्य राज्य भी इस पर ध्यान देंगे। यह ब्रांड बेंगलुरु के लिए एक अच्छा बजट है। बजट शहर की 1.40 करोड़ आबादी के हित में है। इसमें एक सुरंग सड़क परियोजना भी है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यातायात की समस्याओं को दूर करने के लिए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इसके अलावा, डबल-डेकर फ्लाईओवर बनाए जाएंगे और नगर निगम और 'बैंगलोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (बीएमआरसीएल) से 50-50 प्रतिशत योगदान के साथ नई मेट्रो परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, सुरंग सड़कों सहित हम 700-800 किलोमीटर नई सड़कें जोड़ रहे हैं।

हम ऋण ले सकते हैं, लेकिन हम लोगों को राहत देना चाहते हैं। शुक्रवार को विधानसभा में राज्य का बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि सरकार बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) को उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम गलियारा (सुरंग) परियोजनाओं के लिए 19,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए गारंटर के रूप में खड़ी है, जिसकी लागत 40,000 करोड़ रुपये होगी।

## राहुल बोले- गुजरात कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** लोक सभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं, जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे वे हैं, जो जनता से कटे हुए हैं, दूर बैठते हैं और उनमें से आधे बीजेपी से मिले हुए हैं।

राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता है। राहुल दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने अहमदाबाद के जेड हॉल में प्रदेश के करीब 2 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महिला दिवस के मौके पर राहुल गांधी ने महिला कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। गुजरात फंसा हुआ है, यह आगे बढ़ना



चाहता है। गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसको रास्ता नहीं दिखा पा रही है। मैं ये बातें डरकर नहीं बोल रहा हूं और न शरमाकर बोल रहा हूं। मगर मैं आपके सामने ये बातें रखना चाहता हूं कि चाहे राहुल गांधी हो, चाहे जनरल सेक्रेटरी हों, हम गुजरात को रास्ता नहीं दिला पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर हम गुजरात की जनता की रिस्पेक्ट करते हैं, तो साफ कहना पड़ेगा कि आज तक जनता की जो उम्मीदें हमसे थीं, मुझसे थीं, वे हम पूरी नहीं कर पाए। अगर ये नहीं बोलेंगे तो हमारा गुजरात की जनता से रिश्ता नहीं बनेगा।

2. पार्टी के अंदर दो तरह के लोग, इन्हें अलग करना होगा गुजरात की जो लीडरशीप है उसमें दो तरह के लोग हैं। जब तक अपने इन दो ग्रुपों को अलग नहीं किया तब तक गुजरात की जनता हम में विश्वास नहीं करेगी। गुजरात के किसान, मजदूर, स्टूडेंट विकल्प चाहते हैं न कि बी टीम। तो मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है।

## 9 राज्यों में दो दिन बाद गर्मी बढ़ेगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में अब मौसम का हाल बदलने वाला है। आने वाले दो दिनों में एमपी-यूपी समेत देश के 9 राज्यों में तेजी से गर्मी बढ़ेगी। निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अफगानिस्तान के ऊपर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। यह 9 मार्च की रात को जम्मू-कश्मीर पहुंचेगा। एजेंसी के मुताबिक इसके बाद भी लगातार दो-तीन वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आएंगे। इनके बीच अंतर न होने से उत्तरी हवाएं नहीं चल पाएंगी और ठंडक खत्म हो जाएगी। इसके चलते 15-16 मार्च तक तापमान अधिक बना रहेगा। इस बीच रात का तापमान भी बढ़ेगा और सुबह-रात की सर्दी खत्म हो जाएगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते अधिकांश पहाड़ी राज्य प्रभावित होंगे। सीनियर वेदर एक्सपर्ट डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि होली के दिन (13-14 मार्च) मध्य प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 35 से 36एष्ट तक पहुंच सकता है। जबकि रात का तापमान 17-18 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। 16 या 17 मार्च से प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने और बारिश होने की संभावना बन सकती है। गुजरात प्री-मानसून गर्मी तेज होगी। 8 मार्च से तापमान 40 डिग्री के पार जाने



की आशंका है। कुछ इलाकों में लू दस्तक दे सकती है। 12 मार्च तक बारिश की संभावना नहीं है। दिल्ली-एनसीआर मौसम साफ-शुष्क रहेगा। तेज हवाओं में कमी आएगी। तापमान बढ़ने के आसार हैं। 7 मार्च से दिन का तापमान 30 डिग्री पहुंचने की उम्मीद। 11-14 मार्च के बीच 33 डिग्री पार कर सकता है। होली पर हल्की बारिश संभव। महाराष्ट्र हवाएं उत्तर की बजाए पूर्व दिशा से चलने लगेंगी। इससे अगले तीन-चार दिनों में काफी गर्मी पड़ेगी। मध्य महाराष्ट्र में 10-11 मार्च को हीट वेव चल सकती है।

पहाड़ों से आई बर्फीली हवाओं से चार दिन तक पूरा मध्यप्रदेश ठिठुरा रहा। कई शहरों में शीतलहर चली तो रात का पारा 6 डिग्री तक पहुंच गया। अब मौसम करवट लेगा और दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होगी। वहीं, 15 मार्च के बाद गर्मी के तेवर देखने को मिल सकते हैं।

# आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में भारतीय टीम पर भारी पड़ी है न्यूजीलैंड

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में , न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण है कि भारतीय टीम अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी है। उसने लीग स्तर के मुकाबले में कीवी टीम को हराया है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं अगर आंकड़ों पर नजर डाले तो कीव टीम का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि आज तक तीन बार दोनो टीमों के बीच नॉकआउट मुकाबला हुआ है जिसमें तीनो ही बार न्यूजीलैंड, जीती है। दोने के बीच अब तक आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी, एकदिवसीय विश्व कप 2019 सेमीफाइनल और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-2021 फाइनल में टक्कर हुई है। इसमें हर बार भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इस बार हालांकि हालात भारतीय टीम के पक्ष में दिख रहे हैं क्योंक उसने अब तक खेल के सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम लगातार दुबई में खेलने से हालातों क अनुसार ढ़ल गयी है। वहीं कीवी टीम ने अबतक अपने मुकाबले




पाकिस्तान में खेले हैं।

दोनो ही टीमें सबसे पहले आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी 2000 के फाइनल में भिड़ी थीं तब न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से मुकाबला जीता था। उस मैच में भारतीय टीम ने सौरव गांगुली (117) और सचिन तेंदुलकर (69) की शानदार पारी की मदद से भारत ने 50 ओवरों में 264/6 रन बनाए। वहीं इसके बाद क्रिस केर्न्स की नाबाद 102 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने 2 गेंद पहले ही मुकाबला जीत लिया।चैंपियंस ट्रॉफी को ही पहले आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंट कहा जाता था

वहीं इसके बाद साल 2019 में एकदिवसीय विश्वकप में दोनो की टक्कर हुई थी। तब न्यूजीलैंड 18 रन से जीती थी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 239 रन बनाये थे। बारिश के कारण भारतीय टीम को 49 ओवर में संशोधित 240 रन का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 49.3 ओवर में 221 बनाये थे।इसके बाद आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-2021 फाइनल में भी भारतीय टीम आठ विकेट से हारी थी।

## विराट इस कारण बना लेते हैं बड़ा स्कोर

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के फार्म पर चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले सवाल उठाये जा रहे थे पर विराट ने टूर्नामेंट शुरु होते ही अपने आलोचकों को करारा जवाव दे दिया है। विराट इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ हुए अहम मुकाबले में शतक लगाय जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 84 रन की पारी खेलकर भारतीय टीम को जीत दिलायी। विराट पिछले एक दशक के ज्यादा के समय से टीम के लिए मैच विजेता पारियां खेलते आ रहे हैं हालांकि वह अपनी पारी में चौके-छक्के नहीं लगाते। इसके बाद भी वह बड़ा स्कोर बना लेते हें। इसका कारण उनकी स्ट्राइक रोटेट करने की क्षमताएं हैं। वह पिच पर उतरते ही एक या दो रन लेना शुरू कर देते हैं। स्ट्राइक रोटेट करते रहते हैं जिससे स्कोरबोर्ड आगे बढ़ता रहता है। यही कारण है कि वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान विरोधी टीम पर दबाव बना देते हैं। विराट की सफलता के पीछे उनकी स्ट्राइक रोटेट करने की क्षमता भी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विराट ने पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान कोच गौतम गंभीर से ज्यादा एक सा दो रन अपनी पारियों में लिए हैं।

## कीवी कप्तान सेंटनर ने खुद बताया, पार्ट टाइम क्रिकेटर, फुल टाइम गोल्फर

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेलने के लिए खेलने को तैयार है। 9 मार्च को दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मिचेल सेंटनर की कप्तानी में खेल रही है। वे खुद को पार्ट टाइम क्रिकेटर मानते हैं। सेंटनर ने लिखा है, पार्ट टाइम न्यूजीलैंड क्रिकेटर, फुल टाइम गोल्फर। सेंटनर को गोल्फ खेलने का काफी शौक है। क्रिकेट से जब भी समय मिलता है वह गोल्फ खेलने पहुंच जाते हैं।

बात दें कि सेंटनर का भारत के खिलाफ दमदार रिकॉर्ड है। 2019 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला कोई भी भारतीय फैन नहीं भूल सकता। मैच में सेंटनर ने 10 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या के बड़े विकेट लिए थे। 2021 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने 4 ओवर में 15 रन दिए थे। तब मैच दुबई के मैदान पर ही हुआ था। 2016 टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने भारत को घर में आकर 79 पर समेट दिया था। सेंटनर ने तब 11 रन देकर 4 विकेट लिए थे। भारत को चंद पहले पहले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में टेस्ट सीरीज में हार मिली। कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। उस सीरीज में सेंटनर को सिर्फ एक ही मैच खेलने का मौका मिला था।

## विलियमसन ने भारतीय टीम को चेताया, फाइनल में कुछ भी हो सकता है

**लाहौर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने रविवार को भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल को लेकर कहा कि इसमें कुछ भी हो सकता है। विलियमसन ने भारत को बेहतरीन टीम बताया पर साथ ही साथ फाइनल में कुछ भी हो सकता है। इससे एक प्रकार से उन्होंने भारतीय टीम को चेताया है। कहते हुए स्तर्क भी कर दिया है। विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद कहा, भारत एक बेहतरीन टीम है और वास्तव में अच्छा खेल रही है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम पिछले मैच से कुछ सीख लें जिसमें हमें भारतीय टीम ने हराया था। विलियमसन ने माना कि दुबई की परिस्थितियां पाकिस्तान से काफी अलग हैं। उन्होंने कहा, परिस्थितियां अलग हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम उन सकारात्मक पहलुओं को ध्यान में रखें और फाइनल में किस प्रकार से खेलना है इसपर ध्यान दें। इस बारे में हमें अपन रुख स्पष्ट रखना होगा। हमें अपना ध्यान जल्दी से अगले मैच पर लगाना होगा क्योंकि हमारे पास ट्रॉफी जीतने का अच्छा अवसर है। उन्होंने सेमीफाइनल में शतक के लिए रचिन रविंद्र की भी प्रशंसा की है।

विलियमसन ने कहा, राचिन एक असाधारण प्रतिभा है।

## यूपी की प्लेऑफ की उम्मीद खत्म, अमेलिया केर के पांच विकेट और मैथ्यूज के आलराउंड प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस जीता

**लखनऊ (एजेंसी)।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अमेलिया केर (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी और हेली मैथ्यूज (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में यूपी वारियर्स को नौ गेंद रहते छह विकेट से पराजित कर उसकी प्लेऑफ की उम्मीद खत्म कर दी। मुंबई इंडियंस ने इस जीत से अपने नेट रन रेट में इजाफा किया और वह आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स से दो अंक पीछे है और उसका एक मैच भी बचा है।

उसके पास शीर्ष पर पहुंचकर फाइनल में सीधे जगह बनाने का मौका है। डब्ल्यूपीएल में शीर्ष टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीम एलिमिनेटर खेलती हैं। यह यूपी वारियर्स की लगातार तीसरी हार थी जिससे वह चार अंक लेकर निचले स्थान पर बरकरार है। मैथ्यूज ने इस सत्र में अपनी दूसरी अर्धशतकीय पारी के लिए 46 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े, उन्होंने गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी अपने नाम किए थे। वह 14वें ओवर में 127 रन के




स्कोर पर आउट हुईं लेकिन तब तक टीम जीत के करीब पहुंच गई थी।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल (55 रन) के अर्धशतक से शानदार शुरूआत करने वाली यूपी वारियर्स केर (38 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 150 रन ही बना सकी और मुंबई इंडियंस ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने केर की शानदार गेंदबाजी के बाद उन्हें इस सत्र में पहली बार पारी के आगाज के लिए भेजा था लेकिन वह 10 रन बनाकर आउट हो गईं और इस मौके का फायदा नहीं उठा सकीं।

नैट साइवर ब्रंट (37 रन, 23 गेंद, सात चौके) ने मैथ्यूज का अच्छा साथ निभाया और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 58 गेंद में 92 की साझेदारी निभाकर जीत की नींव रखी।

नैट साइवर ब्रंट नेइस दौरान डब्ल्यूपीएल में 800 रन भी पूरे किए और वह ऐसा करने वाली चौथी बल्लेबाज बनी।

इससे पहले यूपी वारियर्स ने जॉर्जिया (33 गेंद,12 चौके) और सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस (28 रन, तीन चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 74 रन की भागीदारी से अच्छी शुरूआत की। पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने से उसके लिए फिर कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। अपना दूसरा ही डब्ल्यूपीएल मैच खेल रही जॉर्जिया ने केर पर लगातार तीन चौके जड़ डाले। हेली मैथ्यूज ने हैरिस को आउट करके नियमित अंतराल पर विकेट लेने की शुरूआत की। फिर मुंबई इंडियंस ने 14 गेंद के अंदर तीन विकेट झटक लिए।

केर मुंबई इंडियंस की सबसे सफल गेंदबाज रही, उन्होंने अपनी 'रॉंग उन' गेंद पर किरण नवगिरे के रूप में पहला विकेट झटका। यूपी वारियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा एक छोर पर डटी रहीं लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। उन्होंने 25 गेंद में दो चौके से नाबाद 27 रन का योगदान दिया। सोफी एक्लेस्टोन ने निचले क्रम में 11 गेंद में तीन चौके से 16 रन बनाए। केर ने अंतिम ओवर में दो विकेट चटकाये और अपने चार ओवर में 38 रन देकर पांच खिलाड़ियों को पवेलियन भेजकर करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। यह उनका डब्ल्यूपीएल में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैथ्यूज ने 25 रन देकर दो विकेट हासिल किए। नैट साइवर ब्रंट ने जॉजिया को अपना शिकार बनाया और परूणिका सिसोदिया को एक एक विकेट मिला। यूपी वारियर्स ने अंतिम 12.1 ओवर में महज 76 रन पर नौ विकेट गंवाये।

## मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण जुर्माना




**लखनऊ (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिये मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना यूपी की पारी के 19वें ओवर की है जब अंपायर अजितेष अर्गल ने हरमनप्रीत से कहा कि धीमी ओवरगति के कारण आखिरी ओवर में सिर्फ तीन फील्डर सर्कल के बाहर रह सकते है। इससे खफा हरमनप्रीत ने अंपायर से संक्षिप्त बहस की और उनकी साथ एमेलिया केर भी इसमें जुड़ गई।

डब्ल्यूपीएल ने एक बयान में कहा ,'' हरमनप्रीत कौर ने धारा 2 . 8 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। '' इसमें कहा गया ,'' लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।''

हरमनप्रीत का यूपी वारियर्स की सोफी एक्सेलेटन से भी विवाद हो गया था जब दूसरे छोर पर खड़ी इंग्लैंड की क्रिकेटर कुछ समझाने के लिये अंपायर की तरफ बढी। हरमनप्रीत ने उसे इस बातचीत से अलग रहने का इशारा किया। विवाद बढता देख स्क्वेयर लेग अंपायर एन जनानी और यूपी की कप्तान दीप्ति शर्मा भी आगे आये। मुंबई ने यूपी के नौ विकेट पर 150 रन के जवाब में 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## रोहित को लंबी पारी खेलने पावर प्ले में अपना रवैया बदलना होगा-गावस्कर




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा चैम्पियंस ट्रॉफी में अब तक बड़ स्कोर नहीं बना पाये हैं। ऐसे में पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित को पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाज की जगह पर लंबी पारी खेलनी चाहिये। वहीं कोच गौतम गंभीर ने रोहित के आक्रामक रवैये का बचाव किया है। गंभीर ने कहा कि हम औसत या रन नहीं देखते, बल्कि इंटेंट देखते हैं जबकि गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में है और हर किसी को रोहित से एक बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

गंभीर ने सेमीफाइनल के बाद कहा था कि ड्रेसिंग रूम रोहित को आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि शीर्ष पर अपनी धमाकेदार शुरुआत से पैदा होने वाले इम्पैक्ट के आधार पर आंकता है। दूसरी ओर गावस्कर ने कहा कि रोहित को अपने रवैये पर फिर विचार करना चाहिए, उन्होंने कहा कि कप्तान के पास अकेले ही मैच को प्रभावित करने की क्षमता है। ऐसे में अगर वह 20 से 25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो अकेले ही मैच बदल सकते हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 104 रन 100 के आसपास के स्ट्राइक रेट से बनाने वाले रोहित ने अब तक इस टूर्नामेंट में एक बार 41 रन बनाये हैं अन्य मैचों में उनका स्कोर और कम है। हालांकि, एक बात जरूर है कि वे जिस मैच में तेज शुरुआत देते हैं, उसका लाभ मध्य क्रम को मिलता है। भारतीय टीम को रोहित के इस आक्रामक रवैये का लाभ विश्व कप कप 2023 और टी20 विश्व कप 2024 में मिला। ये लगातार तीसरा टूर्नामेंट है, जहां वे आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं।

गावस्कर ने कहा, पिछले दो सालों से वह इसी दृष्टिकोण को अपना रहे हैं। इसकी शुरुआत भारत में विश्व कप के दौरान हुई थी और वह इसी फॉर्मूले पर टिके हुए हैं। उन्हें कुछ सफलता मिली है, हालांकि शायद उतनी नहीं जितनी उनकी प्रतिभा को मिलनी चाहिए। वह एक अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिनके पास ऐसे शॉट हैं जो खेल में बहुत कम लोगों के पास हैं।

उन्होंने आगे कहा, इसे दर्शकों को खुश करने के दृष्टिकोण से देखिए। मैं टीम के दृष्टिकोण से नहीं बोल रहा हूं। अगर वह 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं, तो भारत 180-200 के आसपास होगा। कल्पना करें कि अगर उन्होंने तब तक बल्लेबाजी की और केवल दो विकेट खोए हैं; जरा सोचें कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 या उससे अधिक तक पहुंच सकते हैं।

## बाबर आजम टीम से हुए बाहर, दुखी पिता को वापसी की पूरी उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खराब प्रदर्शन का खामियाजा बाबर आजम को भुगतना पड़ रहा है। वे वनडे फॉर्मेट में खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी के 5 मैचों में 122 रन ही बना सके थे। इसकारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाबर को न्यूजीलैंड दौरे के लिए जारी टी20 टीम से बाहर कर दिया है। खराब फॉर्म के चलते बाबर को अपने देश में ही क्रिकेट प्रशंसकों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच टी20 टीम से बाहर होने पर बाबर के पिता भी दुखी दिखाई दिए हैं। बाबर के पिता आजम सिद्दीकी ने पोस्ट किया कि अगर कोई जवाब देता है, तब उनकी आलोचना करने वाले पूर्व क्रिकेटर बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे।

आजम ने उन लोगों पर सवाल उठाया जिनका खुद का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। आजम ने कहा कि उनके खेलने के दिनों में उनका प्रदर्शन कैसा था? लोग कहते हैं कि एक




पिता बहुत ज्यादा बोलता है, लेकिन मैं बाबर का पहला और आखिरी कोच हूं। मैं उसका प्रवक्ता और संरक्षक हूं और उसका सबसे सच्चा शुभचिंतक हूं। आजम सिद्दीकी ने कहा कि उनका बेटा पीएसएल और नेशनल टी20 कप में अच्छा प्रदर्शन कर टी20आई टीम में वापसी करेगा।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की वनडे टीम**

मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान अली आगा (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम-उल-हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सुफियान मोकीम और तैय्यब ताहिर।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की टी20 टीम**

सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन नवाज, जहांदाद खान, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हारिस, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम और उस्मान खान शामिल है।

कलेक्टर, एसपी का प्रभार मिलने के बाद भी अधिकारियों को नहीं मिल पा रही पूर्ण जिम्मेदारी, अब भी रीवा से ही हो रहे सभी काम काज

# अस्तित्व में आने के बाद भी करीब 19 महीने से अपनी अलग पहचान तलाश रहा विंध्य का नया जिला मऊगंज

### जिला बनने के बाद सहायक स्तर के अधिकारियों को प्रमोट करने में अपनी भूमिका निभा रहा मऊगंज




**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** 3 जून 2023 को मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार के द्वारा रीवा जिले के मऊगंज से ही वर्चुअल माध्यम से लाडली बहना योजना की शुरुआत करते हुए पहली बार प्रदेश की सभी पात्र लाडली बहनों के खाते में 1000 रुपए की सहयोग राशि देने का आरंभ किया गया था और उसी मंच से तत्कालीन मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मऊगंज को जिला बनाए जाने की घोषणा की थी जिसके बाद 15 अगस्त 2023 को झंडारोहण उपरांत मऊगंज जिला अस्तित्व में आया तथा महाविद्यालय के लिए बने भवन में कलेक्टर कार्यालय का संचालन शुरू कर दिया गया जिसके बाद यह उम्मीद जताई जाने लगी कि अब बस बहुत जल्द जिले के सभी काम काज यहां से शुरू कर दिए जाएंगे परंतु आज 19 महीने बीत जाने के बाद भी मऊगंज जिला अपनी पहचान तलाशने में जुटा है। क्योंकि कलेक्टर और एसपी तो बैठने लगे हैं मगर उनके द्वारा किए जाने वाला समस्त कार्य रीवा से होकर ही मऊगंज जाता है यहां तक कि कार्यालयों के पुराने और नए रिकॉर्ड भी अभी तक रीवा कार्यालय में ही रखे हुए हैं जिसके कारण मऊगंज की जनता को पहले से दोगुनी परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

दरअसल किसी भी जिले बैठे कलेक्टर और एसपी के पास जिलेभर में होने वाले तमाम कार्यों की पूर्ण जिम्मेदारी दी जाती है परंतु जब उनके अधीनस्थ कार्यालय ही उस जिले में न हो तो काम काज तो ठप्प ही समझा जाए और मऊगंज का यही हाल पिछले 19 महीनों से बना हुआ है क्योंकि यहां पर कलेक्टर के अधीनस्थ आने वाले विभागों के काम रीवा से ही हो रहे हैं और मऊगंज में बने कलेक्टर कागज की पूर्ति के लिए ही है। बताया जा रहा है कि मऊगंज में जिला बनने के पहले ट्रेज़री विभाग और लोक निर्माण विभाग का कार्यालय संचालित होता था परंतु जिला बनने के बाद उसका काम भी बंद हो गया और इन विभागों के कार्यों के लिए भी लोगों को रीवा की तरफ ही देखना पड़ता है जिससे आमजनता की दिक्कतों में इजाफा ही हुआ है।

### इन विभागों का होना चाहिए संचालन

जानकारी के मुताबिक जिला बनने के बाद कलेक्टर के अधीनस्थ आने वाले विभाग खनिज, आरटीओ, लोक निर्माण विभाग, ट्रेज़री, जल निगम, जनसंपर्क, जिला पंचायत, जिला पंजीयक कार्यालय, ट्राइबल, जिला शिक्षा विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों के कार्यालय का संचालन मऊगंज से होना चाहिए था परंतु अब तक इनमें से कोई कार्य मऊगंज में शुरू नहीं हो सका। आपको बता दें सन 2000 के पहले से ही मऊगंज को जिला बनाए जाने की मांग की जाती रही है जिसपर 2023 में शिवराज सरकार ने लोगों की उम्मीदों पर कार्य करते हुए मऊगंज को जिला बना दिया परन्तु जिला बनने के बाद अब जो उपेक्षा मऊगंज को झेलनी पड़ रही है उसे देखते हुए अब वहीं लोग इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर मऊगंज को जिला बनाया ही क्यों गया जो लोग जिला बनाने की मांग के अगुवा हुआ करते थे।

## उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व महिला दिवस के पर अटल पार्क में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिसके पास अच्छा स्वास्थ्य है उसके पास जीवन की सभी खुशियाँ हैं। हर व्यक्ति को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक होकर प्रयास करना चाहिए। अपने स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराएं। अभी जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी सरकारी अस्पतालों में 30 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की जाएगी। इस अभियान का लाभ उठाएं। प्रातः काल घूमना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है। रीवा में अटल पार्क और रतहरा तालाब जैसे स्थान सुबह की सैर के लिए सबसे उपयुक्त स्थानों के रूप में विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का उद्देश्य किशोरियों के स्वास्थ्य संवर्धन, महिला स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य एवं किशोरी स्वास्थ्य के विषय में महिलाओं को जागरूक करना है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने अलग अलग क्षेत्र के ख्यातिलब्ध महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं एनीमिया तथा सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के रोकथाम पर परिचर्चा आयोजित की गई। सर्वाइकल कैंसर के उपचार में एचपीव्ही वैक्सीन को निःशुल्क एवं अनिवार्य करने के लिए भावी रणनीति बनाने के लिए भी आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अधिष्ठाता डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वीनू सिंह, सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, डॉ निशा गुप्ता, जीडीसी कॉलेज प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव, विंध्यधरा की लोकगायिका मणिमाला सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राघवेंद्र मिश्रा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा सहित अन्य चिकित्साकर्मी, स्वास्थ्य विभाग की सभी आशा बहनें, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा-सतना मार्ग स्थित बेला में एक तेज़ रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी हादसे के दौरान बाइक सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब बाइक सवार खेत में सिंचाई कर वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी एक तेज़ रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए युवक और युवती को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में खैरी बस्ती चोरहटा निवासी पीड़ित सर्वेश कुशवाह ने बताया कि वो अमरपाटन स्थित खेत में सिंचाई करने गया था जहां से गांव की एक महिला को बाइक में बैठाकर वापस घर लौट रहा था, तभी बेला के समीप पिकअप ने टक्कर मार दी। दोनों घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रहा आईटीआई के छात्र की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज ज़िले के लौर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में आई टीआई के छात्र की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रांशु पटेल देवतालाब से मऊगंज आई टीआई की परीक्षा देने बाइक से जा रहा था। इस दौरान ग्राम कुलबेरिया के पास एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे छात्र बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। हादसे में उसकी मौके पर ही जान चली गई। वहीं घटना को अंजाम देने वाला ट्रक और चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जटिल कैंसर का सफल ऑपरेशन कर बचाई महिला की जान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में एक जटिल कैंसर का सफल ऑपरेशन कर महिला की जान बचाई गई है। सीधी ज़िले के छुही गांव की निवासी गुड्डू बाई को करीब महीने भर पहले उपचार के लिए रीवा लाया गया था। यहां गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल के ई एनटी विभाग के डाक्टर्स ने पहले प्रारंभिक रूप से जांच कराई, जिसमें कैंसर के लक्षण पाए गए। इस कारण कैंसर से जुड़ी जांच भी कराई गई, जब इसकी पुष्टि हो गई तब आपरेशन की योजना बनाई गई। ई एनटी सर्जरी के प्रमुख डॉ. मोहम्मद अशरफ ने अपनी पूरी टीम के साथ जांच कराई और अध्ययन में पाया कि ये क्लीयर सेल कार्सिनोमा कैंसर का रूप है। मेडिकल क्षेत्र में ये कैंसर दुर्लभ कहा जाता है। लाखों मरीजों के बीच किसी एक में होता है। चिकित्सकों की मानें तो कई रिपोर्ट के अनुसार क्लीयर सेल कार्सिनोमा के अब तक 74 मामले सामने आ चुके हैं। इसे 75वां प्रकरण माना जा रहा है। मरीज़ की दशा की बात करें तो आंख के पास एक गांठ बन गई थी। नाक से भी खून जाने लगा था। ऐसे में शरीर के दूसरे हिस्से में भी ये मर्ज़ फैलता जा रहा था। जिसके चलते आपरेशन का निर्णय लिया गया। महिला मरीज़ की आंख खराब हो चुकी थी और उसमें भी कैंसर के वायरस पहुंच चुके थे। इसलिए उसकी एक आंख को निकालना पड़ा है। आपरेशन के बाद महिला स्वस्थ बताई जा रही है। बतादें कि महिला जब उपचार के लिए अस्पताल आई थी तब उसके शरीर में खून की भी कमी थी। इसलिए मेडिकल कॉलेज के जूनियर डाक्टर्स और मेडिकल छात्रों ने आठ यूनिट ब्लड भी डोनेट किया।

## राजकीय सम्मान के साथ हुआ सेना के जवान का अंतिम संस्कार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा ज़िले के रायपुर चुलिया थाना क्षेत्र के ग्राम भुंडहा कोष्टा निवासी सेना के जवान राजरूप पटेल की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। जवान का पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम लाया गया। जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों के मुताबिक राजरूप ई एमई मैकेनिकल बबीना पदस्थ थे। अचानक उनकी तबीयत खराब होने पर सेना के एंबुलेंस से आर्मी कमांड ,हॉस्पिटल लखनऊ भेजा गया लेकिन सेना के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उनके निधन की सूचना परिजनों को दी गई। सेना की एक टुकड़ी उनका पार्थिव शरीर लेकर गृह ग्राम पहुंची। इस दौरान जवान के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। परिजनों के मुताबिक शहीद के एक बेटा-बेटी हैं। उनके जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

राज्य परिवहन निगम ने नगर निगम के भीतर इलेक्ट्रिक बसों को चलाने दी थी अनुमति

## अंतर्राज्यीय परमिट की फेर में फंसा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, निगम ने राज्य शासन को लिखा पत्र




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सालों बाद रीवा की सड़कों पर एक बार फिर मध्य प्रदेश परिवहन निगम की बसें दौड़ती दिखाई देगी। लेकिन इस बार इन बसों का कलेवर नया होगा जिसमें केंद्र सरकार की इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति 2025 के तहत रीवा को छह इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। हालांकि इन बसों के संचालन के लिए टेंडर करने वाले फर्मों ने टेंडर के शर्तों में कुछ सुधार की मंशा जताई है। जिसके बाद रीवा नगर निगम के द्वारा राज्य सरकार को दो प्रमुख प्रस्ताव भी भेज दिए गए हैं माना जा रहा है कि जैसे ही राज्य सरकार इन प्रस्तावों को पास करता है रीवा में नई इलेक्ट्रिक बस चलाए जाने की राह खुल जाएगी।

दरअसल मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य परिवहन निगम की तर्ज पर यात्री बसों के संचालन की योजना बनाई है जिसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने रीवा सहित अन्य जिलों को बस स्टैंड और चार्जिंग स्टेशन के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए हैं माना जा रहा है कि इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति 2025 के तहत प्रदेश में ही बस सेवा को बढ़ावा दिया जाएगा। अमृत योजना के तहत संचालित सूत्र सेवा में भी इलेक्ट्रॉनिक बसों को शामिल किया जा रहा है और इसी के पहले चरण में प्रदेश के 12 शहरों में कुल 126 ही बसें चलाई जाएंगे जिनमें से रीवा को 6 बसें स्वीकृत हुई हैं। हालांकि टेंडर करने वाली फर्मो ने इनमें कुछ तकनीकी खामियां बताई है जिसके सुधार के लिए नगर निगम रीवा ने प्रशासन को पत्र लिखकर इस संबंध में अपेक्षित सुधार की मांग की है।

मामले की जानकारी देते हुए नगर निगम रीवा के आयुक्त सौरभ संजय सोनवड़े ने बताया कि रीवा को 6 इलेक्ट्रॉनिक बसों की स्वीकृति प्रशासन के द्वारा दी गई है लेकिन यहां टेंडर में शामिल होने वाली फर्मों ने दो प्रमुख मांगे रखी हैं जिनमें से पहले यह है कि सरकार इन्हें अंतर राज्यीय परमिट प्रदान करे। साथ ही इस क्लस्टर में शामिल अन्य नगर निगमों को भी शामिल किया जाए ताकि यह व्यावहारिक रूप से संभव हो सके। अब देखना है कि प्रशासन इन प्रस्तावों पर कब तक विचार करता है और रीवा के लोगों को कब इलेक्ट्रिक बस की सुविधा मिल सकेगी।

### उप मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने निर्माणाधीन पीडब्ल्यूडी संयुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों को तेज गति से निर्माण कार्य कराकर दो माह में गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सर्किट हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों को निर्देशित किया कि मार्च माह के अंत तक कार्य को पूर्ण कराएं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी सुश्री निशा मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ? एस?एम शुक्ला द्वारा की गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम अधिकार, समानता और सशक्तिकरण से अवगत कराते हुए कहा कि अधिकारों का सदुपयोग करते हुए सशक्त बनें। विशिष्ट अतिथि सुश्री निशा मिश्रा ने महिला दिवस के उद्देश्य से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अंजली सिंह ने छात्राओं का आव्हान करते हुए उनसे अधिकारों का दुरुपयोग न करते हुए सशक्त बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ स्कंद कुमार मिश्रा एवं डॉ आर के तिवारी ने भी विषय पर व्याख्यान दिए।

# कमिश्नर ने महिला दिवस में विभिन्न क्षेत्रों की महिला प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रीवा जिले में प्रशासनिक पदों तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा रही महिलाओं को पुष्पगुच्छ तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मानित करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि महिला दिवस के रूप में भले ही 8 मार्च का दिन निर्धारित है, लेकिन वर्ष के सभी 365 दिन महिलाओं के सम्मान के लिए हैं। परिवार और समाज में नारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ईश्वर ने संतति के सृजन का सम्मान केवल नारियों को दिया है। समय के साथ परिवार और समाज में नारियों की भूमिका में परिवर्तन अवश्य हुआ है, लेकिन उनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। सशक्त और जागरूक नारी से ही सशक्त समाज और देश का निर्माण होगा। रीवा में विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही महिलाएं नारियों की प्रतिभा और सशक्तीकरण का उत्कृष्ट प्रमाण है। कमिश्नर ने कहा कि विश्व महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य नारियों को जागरूक करना है। आज जो महिलाएं जागरूकता का संदेश ले रही हैं वे सभी विकास की पंक्ति में सबसे पीछे खड़ी महिलाओं तक जागरूकता का संदेश पहुंचाएं। अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आभा मण्डल से अन्य महिलाओं में जागरूकता की ज्योति जलाएं। समारोह में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मेरे पिता 1946 में बीटेक करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा में अधिकारी बने। मेरी माता को पढ़ना-लिखना नहीं आता था, लेकिन हम 6 भाई-बहनों को शिक्षा-दीक्षा और संस्कार माँ से ही मिले हैं। उनके अनुशासन के कारण मेरी दो बहनें डॉक्टर बनीं। दो भाई वैज्ञानिक बने और मैं भी अच्छे पद तक पहुंच पाया। केवल यही उदाहरण परिवार और समाज में नारी की महत्ता को रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। हमारे देश में प्राचीन काल से नारियों का सम्मान रहा है। हम अपनी नदियों तकह को माता कहकर सम्मानित करते हैं। विन्ध्य क्षेत्र में नारियाँ हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इस विकास की दौड़ के बीच माताओं पर अपने बेटी और बेटे को अच्छे संस्कार देने की भी जिम्मेदारी है। नारियाँ सदैव महान रही हैं और सदैव महान रहेंगी।

समारोह में श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्हें सहयोग, सम्मान और आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा की आवश्यकता है। परिवार और समाज में स्त्री और पुरूष को समान आदर और समान अवसर मिलना चाहिए। महिलाएं अपनी मर्यादा की रक्षा करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और सफल होने का प्रयास करें। परिवार और समाज में महिलाएं एक-दूसरे से संपर्क और संवाद भी सैदव बनाए रखें।

उद्यमी चेतना मिश्रा ने कहा कि मैंने शासकीय सेवा का मुंह छोड़कर स्वरोजगार को अपनाया है। मैं हर महिला को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त होते देखना चाहती हूँ। यही सक्षमता महिलाओं को सभी अधिकारी और विकास के सभी अवसर देगी। समारोह में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक विकास के साथ महिलाओं की परिवार और समाज में भूमिका तेजी से बदल रही है। आज महिलाएं बहुत जागरूक हैं।

## महिलाएं हुनर सीखकर स्वरोजगार करें और आत्मनिर्भर बनें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। वह कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में हुनर सीखकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए तभी समाज भी आगे बढ़ेगा।

समारोह में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण से बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभ मिला है। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सफलतापूर्वक स्वरोजगार स्थापित करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

जन शिक्षण संस्थान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रहा है। समारोह में संस्थान के संचालक सुनील शुक्ला ने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यों और महिला स्वसहायता समूहों की गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कोल तथा श्री लिखित मिश्रा द्वारा सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पशुधन अधिकारी श्रीमती पूनम पटेल द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित नारे तथा पोस्टर प्रदर्शित किए गए। समारोह में उमा ललन मिश्रा, संतोषी नामदेव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रीवा की तरक्की में यहां के जागरूक लोगों का है योगदान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लोगों की जागरूकता का ही परिणाम है कि रीवा तरक्की के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। यहां अधोसंरचना विकास के साथ ही सड़कों, फ्लाईओवर, कचरा संग्रहण, जल प्रदाय व विद्युत की निर्वाध आपूर्ति हो रही है।

उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में पीटीएस चौराहे पर बनाए जाने वाले विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन करते हुए कहा कि 2003 से पूर्व रीवा में मात्र 6 विद्युत सब स्टेशन थे, यह शहर का 14वां सब स्टेशन होगा, जिसके बन जाने से पुलिस लाइन, गुढ़ चौराहा, फूलमतीमाता मंदिर सहित आस पास के क्षेत्रों में निर्वाध व बेहतर वोल्टेज के साथ विद्युत की सप्लाई सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने आगामी दो माह में विद्युत सब स्टेशन का कार्य पूर्ण करने निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी ने बताया कि दो करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सब स्टेशन का निर्माण कार्य 30 मई तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कार्यक्रम में तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला ने बताया कि 33/11 विद्युत उप केंद्र के बन जाने से 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त निर्वाध विद्युत की आपूर्ति मिलेगी। यह सब स्टेशन उत्कृष्ट सब स्टेशन बनेगा जहां 33/11 की दो लाइनें कार्य करेगी, यह शहर का 14वां सब स्टेशन तथा रीवा और मऊगंज जिले को मिलाकर 94वां सब स्टेशन होगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।